5 फरवरी 2026
गुरुवार

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण




दलसागर खेल मैदान और चुरामनपुर में निर्माणाधीन संरचनाओं का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

2



## एक नजर

### हम यहां समय बर्बाद करने के लिए नहीं खड़े : प्रियंका

**नई दिल्ली ।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की तरफ से पूर्व सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे के एक अप्रकाशित संस्मरण का के बाद शुरू हुआ हंगामा थमने का नाम नहीं ले रहा है। इसके बाद बुधवार को कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने बीजेपी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर हमला बोला। उन्होंने सरकार पर संसद की कार्यवाही में बाधा डालने का आरोप लगाया। प्रियंका ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को नहीं बोलने के मुद्दे को उठाया। मोदी सरकार ये साबित करना चाहती है कि संसद में सिर्फ उन्हीं की चलती है। वे सोचते हैं सदन में किसी को भी खड़ा कर देंगे, फिर वो जो चाहे बोल सकता है, लेकिन हम संसद को नहीं बोलने देंगे। ये बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हम यहां समय बर्बाद करने के लिए नहीं खड़े हैं, जनता ने अपना कीमती वोट देकर हमें यहां भेजा है, ताकि हम उनकी आवाज उठाएं। प्रियंका ने कहा कि इसलिए जब तक बोलने नहीं दिया जाता, हम आवाज उठाएंगे।

### जम्मू-कश्मीर में जैश के 2 आतंकियों का एनकाउंटर

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में बुधवार को सुरक्षाबलों ने जैश-ए-मोहम्मद के दो पाकिस्तानी आतंकवादियों को मार गिराया। दोनों आतंकवादी गुफा में छिपे हुए थे। सेना ने गुफा को ग्रेनेड से विस्फोट कर उड़ा दिया। एनकाउंटर का वीडियो भी सामने आया है। इसके बाद एक आतंकवादी का शव गुफा के बाहर था, जबकि दूसरे आतंकी का शव गुफा के अंदर काफी गहराई में मिला। इस ऑपरेशन में जैस का टॉप कमांडर रुबानी उर्फ अबू माविया भी मारा गया। वो इलाके में कई साल से सक्रिय था। मुठभेड़ मंगलवार को शाम 4 बजे शुरू हुई थी। सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों के पास से ट4 कार्बाइन, एके-47 असॉल्ट राइफल और भारी मात्रा में गोला-बारूद बरामद किया है। उधर, किश्तवाड़ के ही चतरू इलाके में बुधवार शाम को आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच एनकाउंटर हुआ। इसमें भी एक आतंकी को सेना ने मार गिराया। व्हाइट नाइट कोर ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि सीआईएफ डेल्टा, जम्मू-कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ का यह जॉइंट आपरेशन था। इसके तहत इलाके की घेराबंदी की गई।

# संसद में गतिरोध बरकरार : लोकसभा में पीएम मोदी का भाषण टला

- विपक्षी दलों के हंगामे के बीच दिनभर नहीं हो सका काम
- कांग्रेस ने लोकतंत्र को शर्मसार करने वाला काम सदन के अंदर किया



**एजेंसी। नई दिल्ली**

सदन में विपक्ष के हंगामे के बाद लोकसभा की कार्यवाही गुरुवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आज होने वाला भाषण भी टल गया है। प्रधानमंत्री मोदी को आज शाम 5 बजे धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देना था। इससे पहले सदन में जोरदार हंगामा देखने को मिला, जिसके बाद लोकसभा को गुरुवार 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया। इससे पहले लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को सदन की कार्यवाही 12 बजे, फिर 2 बजे, और इसके बाद शाम पांच बजे तक के लिए स्थगित करनी पड़ी। भाजपा सांसदों ने कांग्रेस पर सदन में शोर करने और कार्यवाही बाधित करने का आरोप लगाया है।

## राहुल मनमाने ढंग से नहीं बोल सकते

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के उस लेटर पर निशाना साधा, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया था कि उन्हें लोकसभा में बोलने नहीं दिया गया। मंत्री रिजिजू ने कहा, मैंने इसका जवाब दे दिया है। उन्होंने कहा था कि वह नियमों के बाहर बोलेंगे। हमने दो दिन इंतजार किया, लेकिन दूसरों को भी बोलने का मौका मिलना चाहिए। वह मनमाने ढंग से नहीं बोल सकते। यह भारत की संसद है, यहां नियमों के अनुसार ही बोलना पड़ता है।भाजपा सांसद अरुण गोविल ने विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा,उनके व्यवहार की जितनी निंदा की जाए कम है। इस तरह का व्यवहार अगर एक सांसद करे तो बहुत शर्मनाक है। राहुल गांधी सदन में क्या बोलते हैं और कैसे व्यवहार करते हैं, उनको खुद नहीं पता होता है।भाजपा सांसद शशांक मणि ने 8 विपक्षी सांसदों के निलंबन पर कहा, उनके खिलाफ कार्रवाई इसलिए की गई क्योंकि उन्होंने संसद की मयार्दा का हनन किया। जो उन पर कार्रवाई की गई है, वो सही है। इस प्रकार से कोई और भी हंगामा करेगा तो मुझे पूरा विश्वास है कि अध्यक्ष इस प्रकार की कार्रवाई करेंगे।

# 40 अंक लाने वाले भी देंगे नीट पीजी की काउंसलिंग

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को नेशनल बोर्ड आफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज (एनबीईएमएस) द्वारा नीट पीजी 2025-26 के लिए क्वालीफाइंग कट-आफ पर्सेंटाइल में भारी कटौती के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर केंद्र सरकार और अन्य संबंधित पक्षों से जवाब मांगा है। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आलोक अराधे की पीठ ने केंद्र सरकार, एनबीईएमएस और राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग को नोटिस जारी किया है। इस मामले की अगली सुनवाई छह फरवरी को निर्धारित की गई है। कट-आफ में 'शून्य' तक की ऐतिहासिक गिरावट देशभर में पोस्ट-ग्रेजुएट मेडिकल की 18,000 से अधिक सीटों के खाली रहने के कारण एनबीईएमएस ने क्वालीफाइंग पर्सेंटाइल में अभूतपूर्व संशोधन किया है। नए नोटिस के अनुसार, आरक्षित वर्ग के लिए कट-आफ को 40 पर्सेंटाइल से घटाकर 'शून्य' कर दिया गया है।इसका अर्थ यह है कि 800 में से -40 अंक प्राप्त करने वाला उम्मीदवार भी काउंसलिंग के तीसरे दौर में भाग लेने के लिए पात्र होगा। सामान्य श्रेणी के लिए कट-आफ को 50 पर्सेंटाइल से घटाकर मात्र सात पर्सेंटाइल कर दिया गया है।

# व्हाट्सएप आयोग जैसा है चुनाव आयोग: ममता




- पश्चिम बंगाल में एसआईआर के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अहम सुनवाई हुई
- पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी खुद वकीलों के बीच मौजूद थी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट में आज पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर सुनवाई हुई। इस दौरान पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी खुद वकीलों के बीच मौजूद थी। इस मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और विपुल एम. पंचोली की पीठ ने की। मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि उन्हें पश्चिम बंगाल के अपने दो साथी न्यायाधीशों से जानकारी मिली, जिन्होंने पास प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया समझाई और इसी समझ के आधार पर इस मुद्दे को शामिल किया गया। मामले में सीएम ममता बनर्जी का पक्ष रखने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान ने बताया कि न्यायालय ने पहले तार्किक विसंगतियों की सूची प्रदर्शित करने का निर्देश दिया था। मुख्य न्यायाधीश ने टिप्पणी की कि न्यायालय को सूचित किया गया था कि सूची संचार का एकमात्र माध्यम नहीं है और संबंधित व्यक्तियों को व्यक्तिगत नोटिस भी जारी किए जा रहे हैं।सुप्रीम कोर्ट में ममता बनर्जी ने चुनाव आयोग को 'व्हाट्सएप आयोग' कहा और कहा कि चुनाव आयोग व्हाट्सएप के माध्यम से अनौपचारिक आदेश जारी कर रहा था। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस दौरान कहा कि चार राज्यों में चुनाव हो रहे हैं, 24 साल बाद, तीन महीने में यह सब करने की क्या जल्दी थी? जब फसल कटाई का मौसम चल रहा हैजब लोग यात्रा कर रहे हैं100 से अधिक लोग मारे गऐ बीएलओ की मौत हो गई, कई लोग अस्पताल में भर्ती हैं। एसआईआर असम क्यों नहीं किया जा रहा है मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आगे कहा कि 58 लाख नाम काट दिए गए, उनके पास अपील करने का विकल्प नहीं था। केवल बंगाल को निशाना बनाया जा रहा है - पश्चिम बंगाल के लोगों को कुचलने के लिए। इस पर मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि शायद अधिकारियों की उपलब्धता के बाद सूक्ष्म पर्यवेक्षकों की आवश्यकता नहीं होगी।

## 32 लाख मतदाता सूचीबद्ध नहीं : बंगाल सरकार

अधिवक्ता श्याम दीवान ने न्यायालय से याचिकाकर्ता के संक्षिप्त नोट पर विचार करने का आग्रह किया और बताया कि इस प्रक्रिया को पूरा करने के लिए केवल चार दिन शेष हैं। उन्होंने कहा कि 32 लाख मतदाता सूचीबद्ध नहीं हैं, 1.36 करोड़ नाम तार्किक विसंगति सूची में हैं, और 63 लाख मामलों की सुनवाई अभी लंबित है। उन्होंने यह भी बताया कि 8,300 सूक्ष्म पर्यवेक्षकों को नियुक्त किया गया है, जो संविधान के तहत परिकल्पित श्रेणी नहीं है। दीवान ने आगे कहा कि निवास प्रमाण पत्र, आधार और ओबीसी प्रमाण पत्र सहित कई स्वीकृत दस्तावेजों को अस्वीकार किया जा रहा है, जिससे लोगों को चार से पांच घंटे तक कतारों में खड़ा होना पड़ रहा है।

## सिर्फ नाम हटाने के लिए हो रहा एसआईआर का इस्तेमाल

इस दौरान पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि वह ठोस उदाहरण दे रही हैं और प्रमुख समाचार पत्रों में प्रकाशित तस्वीरें भी दिखा सकती हैं। उन्होंने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया का उपयोग केवल नाम हटाने के लिए किया जा रहा है। उदाहरण देते हुए, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि जब कोई बेटी शादी के बाद अपने ससुराल जाती है, तो सवाल उठते हैं कि वह अपने पति का उपनाम क्यों इस्तेमाल कर रही है। उनके अनुसार, ऐसी कई महिलाओं के नाम एकतरफा तरीके से मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं। उन्होंने आगे कहा कि फ्लैट खरीदने या निवास स्थान बदलने वाले गरीब लोगों के नाम भी हटाए जा रहे हैं। सीएम ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि इन परिस्थितियों के बावजूद, अधिकारी ऐसे मामलों को 'गलत मानचित्रण' बताकर अदालत के पूर्व निदेशों का उल्लंघन कर रहे हैं।

# खेमचंद सिंह बने मणिपुर के सीएम कुकी नेता किपगेन होंगी डिप्टी सीएम

**एजेंसी। नई दिल्ली**

मणिपुर में नई सरकार के गठन हो गया है। वरिष्ठ भाजपा नेता वाई. खेमचंद सिंह ने बुधवार को मणिपुर के नए मुख्यमंत्री के पद की शपथ ली। वहीं, कुकी समुदाय की पूर्व मंत्री नेमचा किपगेन को उपमुख्यमंत्री पद दिया गया। खेमचंद को मंगलवार को भाजपा और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के विधायक दल का नेता चुना गया था। बुधवार को खेमचंद ने राज्यपाल अजय कुमार भल्ला से मुलाकात कर सरकार बनाने का दावा पेश किया। गौरतलब है कि राज्य में 2023 में सुलगी जातीय हिंसा के बाद तत्कालीन मुख्यमंत्री बीरेन सिंह ने पिछले साल नौ फरवरी को इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद राज्य में 13 फरवरी, 2025 से राष्ट्रपति शासन है। 60 सदस्यीय विधानसभा निलंबित है। विधानसभा का कार्यकाल 2027 तक है। इंफाल घाटी में रहने वाले मैतेयी और आसपास की पहाड़ियों में रहने वाले कुकी लोगों के बीच हुई जातीय हिंसा में 260 से अधिक लोग मारे गए और हजारों लोग बेघर हो गए। भाजपा विधायक दल ने राज्य भाजपा मुख्यालय में आयोजित बैठक में खेमचंद को अपना नेता चुना। इस बैठक में भाजपा के 37 विधायकों में से 35, पार्टी के केंद्रीय पर्यवेक्षक तरुण चुघ, पूर्वोत्तर राज्यों के प्रभारी संबित पात्रा और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ए. शारदा देवी सहित अन्य लोगों की मौजूदगी रही। बीमार होने के कारण भाजपा के दो विधायक बैठक में शामिल नहीं हुए। किपगेन को भी नई सरकार में उपमुख्यमंत्री चुना गया था। इसके बाद मणिपुर भवन में एक और बैठक हुई, जिसमें मणिपुर में राजग के घटक दलों के विधायक - नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) के छह, नागा पीपुल्स फ्रंट (एनपीएफ) के पांच और तीन निर्दलीय और भाजपा के विधायक मौजूद रहे।

# एमपी-यूपी, बिहार समेत 7 राज्यों में सुबह घना कोहरा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

देश के उत्तरी राज्यों पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली, यूपी, बिहार, उत्तराखंड, हिमाचल और जम्मू-कश्मीर में मौसम लगातार सर्द बना हुआ है। बर्फबारी के बाद उत्तराखंड, हिमाचल और जम्मू-कश्मीर के सभी जिलों में तापमान 10 डिग्री से नीचे रिकॉर्ड किया गया। मैदानी राज्यों में उत्तर से आनी वाली हवाओं ने फिर से सर्दी बढ़ा दी है। मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, पंजाब-चंडीगढ़, हरियाणा दिल्ली में सुबह से घना कोहरा छाया रहा। सुबह 6.30 बजे आदमपुर, अंबाला, कानपुर, बरेली, प्रयागराज, ग्वालियर में विजिबिलिटी जीरो रही। मौसम विभाग ने उत्तराखंड के पिथौरागढ़ एवलांच का हाई अलर्ट जारी किया है। विभाग का कहना है कि नालों और ढलान वाले क्षेत्रों में भारी मात्रा में बर्फ जमा होने से एवलांच का खतरा बढ़ गया है। जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग और पहलगाम में रात का तापमान फ्रीजिंग पॉइंट से कई डिग्री नीचे चला गया है। गुलमर्ग में माइनस 8.0 डिग्री और पहलगाम में माइनस 5.6 डिग्री तापमान रिकॉर्ड हुआ। मौसम विभाग ने दिल्ली में बिजली गिरने और 30-40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चलने का अलर्ट जारी किया है। पड़ोसी राज्य हरियाणा और चंडीगढ़ में भी ऐसे ही हालात रहने की आशंका है।अगले 7 दिन में पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र तीन पश्चिमी विक्षोभ यानी वेस्टर्न डिस्टरबेंस से प्रभावित रहेगा। यानी पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी और मैदानी इलाकों में ओला-बारिश और सर्द हवाएं चलेंगी। वेस्टर्न डिस्टरबेंस भूमध्यसागर क्षेत्र से आने वाला पश्चिमी हवाओं का मौसमी सिस्टम है, जो उत्तर भारत में सर्दियों के दौरान बारिश और पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी कराता है। कश्मीर घाटी के बाकी हिस्सों में रातें थोड़ी गर्म रहीं। श्रीनगर में न्यूनतम तापमान 'चिल्लई कलां' के खत्म होने के बाद से धीरे-धीरे लेकिन लगातार बढ़ रहा है, जो कश्मीर में 40 दिनों तक चलने वाला सबसे ठंडा मौसम होता है।







# पीएचसी में नर्सिंग छात्राओं की पहल : पोस्टर से संवाद तक, कैंसर के खिलाफ जगी उम्मीद

- **वर्ल्ड कैंसर दिवस पर डुमरांव पीएचसी बना जागरूकता का केंद्र, ग्रामीणों को मिला समय पर जांच का संदेश**




**केटी न्यूज/डुमरांव**

वर्ल्ड कैंसर दिवस के अवसर पर डुमरांव स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) अस्पताल सिर्फ इलाज का केंद्र नहीं, बल्कि जागरूकता का मंच बन गया। बाबा केदार नाथ नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं ने यहां एक ऐसा अभियान चलाया, जिसने मरीजों और उनके परिजनों को कैंसर के प्रति सोचने और सतर्क होने के लिए प्रेरित किया। पोस्टर, स्लोगन और सीधे संवाद के जरिए छात्राओं ने यह संदेश दिया कि कैंसर से डरने की नहीं, समझने और समय पर पहचान की जरूरत है।

कार्यक्रम का आयोजन पीएचसी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. आर.बी. प्रसाद की अध्यक्षता में किया गया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण इलाकों में जागरूकता की कमी के कारण कैंसर अक्सर गंभीर अवस्था में सामने आता है। ऐसे में नर्सिंग छात्राओं द्वारा किया गया यह प्रयास स्वास्थ्य व्यवस्था और समाज के बीच मजबूत सेतु का काम करता है। कार्यक्रम में मौजूद बाबा केदार नाथ नर्सिंग कॉलेज के डायरेक्टर विजय बहादुर सिंह ने कहा कि कैंसर आज एक बड़ी चुनौती जरूर है, लेकिन सही जानकारी, जीवनशैली में बदलाव और नियमित जांच से इस पर काफी हद तक काबू पाया जा सकता है। उन्होंने छात्राओं से समाज में स्वास्थ्य प्रहरी की भूमिका निभाने का आह्वान किया। कॉलेज की वाइस प्रिंसिपल कुमारी सोनम पटेल ने युवाओं की भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि अगर युवा पीढ़ी जागरूक हो जाए, तो परिवार और समाज दोनों सुरक्षित हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि जानकारी ही सबसे बड़ा बचाव है।

अभियान के दौरान नर्सिंग ट्यूटर आइजा के मार्गदर्शन में छात्राओं ने मरीजों से आमने-सामने बातचीत की। उन्होंने तंबाकू और धूम्रपान से होने वाले नुकसान, संतुलित आहार, नियमित स्वास्थ्य जांच और शुरूआती लक्षणों की पहचान पर विस्तार से चर्चा की। छात्राओं ने यह भी बताया कि छोटी-छोटी लापरवाहियां आगे चलकर गंभीर बीमारी का कारण बन सकती हैं।

इस जागरूकता अभियान में किरण, ललिता, रिया, श्रेया, लालसा, रोशनी, प्रियंका, खुशी, चुन्नी, अलीशा, पूनम, कल्याणी, वंदना, रिंकी, सलोनी, सोनी और सालिका सहित कई छात्राओं ने सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होंने मरीजों की शंकाओं का समाधान किया और कैंसर से जुड़े मिथकों को तोड़ने का प्रयास किया।

कार्यक्रम के अंत में डॉ. आर.बी. प्रसाद ने छात्राओं और शिक्षकों को धन्यवाद देते हुए कहा कि ऐसे अभियान ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार होने चाहिए। इस पहल से पीएचसी में मौजूद लोगों के बीच कैंसर को लेकर जागरूकता बढ़ी और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का सकारात्मक संदेश गया।

## सड़क मरम्मति, पंचायत सरकार भवन संचालन और खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के दिए निर्देश

# दलसागर खेल मैदान और चुरामनपुर में निमार्णाधीन संरचनाओं का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण



**केटी न्यूज/बक्सर**

जिलाधिकारी साहिला द्वारा बुधवार को जिले के प्रमुख विकास स्थलों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस क्रम में उन्होंने दलसागर खेल मैदान तथा चुरामनपुर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत निमार्णाधीन विभिन्न संरचनाओं का जायजा लिया। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करना और संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश देना था। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने दलसागर खेल मैदान की वर्तमान स्थिति का अवलोकन किया। मैदान से जुड़े संपर्क मार्गों की जर्जर स्थिति को देखते हुए उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) एवं भवन प्रमंडल बक्सर के कार्यपालक अभियंता को सड़क मरम्मति कार्य शीघ्र कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि खेल मैदान तक पहुंचने वाले रास्तों का सुचारु होना खिलाड़ियों और आम लोगों दोनों के लिए आवश्यक है।

### मैदान के सौंदर्यीकरण पर विशेष जोर

दलसागर खेल मैदान के निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने मैदान के सौंदर्यीकरण कार्यों की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया कि मैदान को आकर्षक और उपयोगी बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं, ताकि खिलाड़ी बेहतर वातावरण में अभ्यास कर सकें। जिलाधिकारी ने कहा कि खेल अधोसंरचना का सुदृढ़ होना जिले में खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगा।

### विकास कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता पर जोर

निरीक्षण के अंत में जिलाधिकारी साहिला ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि विकास कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि कार्यों में लापरवाही या अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी के इस निरीक्षण से क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों को गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है, वहीं खेल और पंचायत स्तर की सुविधाओं में सुधार से आम जनता को प्रत्यक्ष लाभ मिलने की संभावना है।

### चुरामनपुर पंचायत में निमार्णाधीन संरचनाओं की समीक्षा

इसके उपरांत जिलाधिकारी ने चुरामनपुर पंचायत क्षेत्र में निमार्णाधीन संरचनाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पंचायत सरकार भवन सहित अन्य विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी बक्सर एवं प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी बक्सर को निर्देश दिया कि नवनिर्मित पंचायत सरकार भवन को पूर्ण रूप से संचालित कराया जाए, ताकि पंचायत स्तर पर आम जनता को सरकारी सेवाओं का लाभ सुचारु रूप से मिल सके। जिलाधिकारी ने कहा कि पंचायत सरकार भवन ग्रामीण प्रशासन की रीढ़ है और इसके प्रभावी संचालन से ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं के लिए प्रखंड कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।

### खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के निर्देश

निरीक्षण के दौरान खेल गतिविधियों को प्रोत्साहित करने पर भी विशेष ध्यान दिया गया। जिलाधिकारी ने उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा को निर्देश दिया कि जिले में खेल को बढ़ावा देने के लिए चयनित स्पोर्ट्स क्लबों से समन्वय स्थापित किया जाए। उन्होंने कहा कि विभिन्न खेल विधाओं को प्रोत्साहित कर युवाओं को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ाया जा सकता है। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि प्रशासन का उद्देश्य केवल भवन निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि उन संरचनाओं का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

## एक नजर

### बक्सर रेल अस्पताल की बदहाली पर रेलयात्री कल्याण समिति का गहन निरीक्षण आंदोलन की चेतावनी

**डुमरांव।** रेलयात्री कल्याण समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सुधीर कुमार सिंह ने बक्सर रेल अस्पताल का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल में व्याप्त समस्याओं का बारीकी से अवलोकन किया और कई गंभीर खामियों की ओर ध्यान आकृष्ट कराया।

डॉ. सिंह ने बताया कि दानापुर से झाझा की दूरी मात्र 186 किलोमीटर है, जिसके बीच सात रेल अस्पताल मौजूद हैं, जबकि दानापुर से दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन तक 221 किलोमीटर की दूरी में मात्र एक ही रेल अस्पताल बक्सर में है, वह भी सुविधाविहीन स्थिति में। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्रीय असंतुलन और बक्सर के साथ हो रहा घोर अन्याय को दशार्ता है।

निरीक्षण में यह भी सामने आया कि बक्सर रेल अस्पताल का भवन अत्यंत जर्जर अवस्था में है। अंग्रेजों के जमाने का लगभग दो सौ वर्ष पुराना यह भवन हल्की बारिश में ही टपकने लगता है, जिससे मरीजों और कर्मचारियों को भारी परेशानी होती है। उन्होंने मंडल रेल प्रबंधक से इस स्थिति का शीघ्र संज्ञान लेते हुए नए भवन निर्माण की पहल करने की मांग की।

डॉ. सिंह ने यह भी बताया कि अस्पताल में गंभीर रोगियों के लिए रात्रि में ठहरने की कोई व्यवस्था नहीं है। साथ ही, दवाओं की भारी कमी बनी रहती है, जिससे रेलकर्मियों को बाहर से दवा खरीदनी पड़ती है। डॉक्टरों और अन्य कर्मचारियों की संख्या भी अपर्याप्त है, जिसके कारण मरीजों के साथ-साथ अस्पतालकर्मियों पर भी अतिरिक्त दबाव पड़ता है। इस अवसर पर डॉ. सिंह ने कहा कि एक ओर बक्सर स्टेशन को विश्वस्तरीय बनाने की घोषणाएं की जा रही हैं, वहीं दूसरी ओर बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाओं का घोर अभाव है। यह बक्सर के जनप्रतिनिधियों की उदासीनता का परिणाम है। मौके पर मौजूद बक्सर शाखा के संयोजक वीरेंद्र ओझा ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो बक्सर रेल अस्पताल की बदहाली के खिलाफ विशाल धरना-प्रदर्शन किया जाएगा और आवश्यकता पड़ने पर दानापुर मंडल कार्यालय का घेराव भी किया जाएगा।

### लोक शिकायत में खुल रही बिजली विभाग की पोल, गलत बिलिंग से उपभोक्ताओं पर आर्थिक मार

**डुमरांव।** अनुमंडल लोक शिकायत निवारण कार्यालय में दर्ज हो रहे मामलों ने कोरानसराय विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। सबसे अधिक शिकायतें बिजली विभाग के खिलाफ सामने आ रही हैं, जिनका मुख्य कारण गलत बिलिंग और विभागीय स्तर पर सुनवाई का अभाव बताया जा रहा है। हालात ऐसे हैं कि उपभोक्ता जब अपनी समस्या लेकर सीधे बिजली कार्यालय पहुंचते हैं, तो न तो उन्हें गंभीरता से सुना जाता है और न ही समय पर समाधान मिलता है। मजबूरन लोगों को लोक शिकायत निवारण कार्यालय का रुख करना पड़ रहा है। सिमरी प्रखंड के दुल्हपुर पंचायत निवासी हीरालाल चौधरी का मामला इसकी बानगी है। बिजली बिल में गड़बड़ी को लेकर उन्होंने लोक शिकायत कार्यालय में परिवाद दायर किया था। जांच में पाया गया कि उनका बिल एलके एमडी के आधार पर गलत तरीके से तैयार किया गया था। फरवरी 2019 से जुलाई 2025 तक उन पर 56 हजार रुपये का बकाया दिखाया गया था, जबकि सुनवाई के बाद 40 हजार 188 रुपये की राशि में सुधार किया गया। अब उन्हें मात्र 16 हजार 175 रुपये ही जमा करने होंगे। इसी तरह नियाजिपुर गांव निवासी नारायण कुम्हार के मामले में भी भारी गड़बड़ी सामने आई। उनके नाम से जनवरी से दिसंबर के बीच 27 हजार 800 रुपये का बिल भेजा गया था। लोक शिकायत कार्यालय की जांच के बाद 21 हजार 757 रुपये का सुधार हुआ और अब केवल 6 हजार 50 रुपये का भुगतान शेष है। इन मामलों से स्पष्ट है कि बिजली विभाग की लापरवाही के कारण आम उपभोक्ताओं पर अनावश्यक आर्थिक बोझ डाला जा रहा है। एसपीजीआरओ ने बताया कि लोक शिकायत कार्यालय में प्रत्येक परिवाद की विधिवत सुनवाई होती है और जांच के आधार पर निष्पक्ष निर्णय लिया जाता है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब बिहार सरकार के प्रधान सचिव का निर्देश है कि कार्यालय स्तर पर सप्ताह में दो दिन शिकायतों की सुनवाई कर समाधान किया जाए, तो फिर उपभोक्ताओं को लोक शिकायत कार्यालय तक क्यों जाना पड़ रहा है। लगातार सामने आ रहे मामलों ने विभागीय जवाबदेही पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिया है।

## सिमरी में पैक्स व्यवस्था पर सवाल, सदस्यता से छूटे किसानों ने उठाई पारदर्शिता की मांग

**केटी न्यूज/डुमरांव**

सिमरी प्रखंड की कई पंचायतों में प्राथमिक कृषि साख समिति (पैक्स) की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। पैक्स के माध्यम से किसानों को मिलने वाली सुविधाओं और सदस्यता प्रक्रिया को लेकर ग्रामीण किसानों में असंतोष बढ़ता जा रहा है। किसानों का कहना है कि सरकारी योजनाओं का लाभ जमीनी स्तर तक नहीं पहुंच पा रहा है, जिससे पैक्स का उद्देश्य ही प्रभावित हो रहा है।

ग्रामीण किसान उपेंद्र नारायण सिंह, सुनीत कुमार, अनिल कुमार सिंह और विनीत कुमार सिंह सहित अन्य किसानों ने बताया कि वे कई वर्षों से पैक्स सदस्यता के लिए ऑनलाइन आवेदन करते आ रहे हैं, लेकिन आज तक उन्हें सदस्य नहीं बनाया गया। इसके कारण वे पैक्स के माध्यम से मिलने वाली सुविधाओं से वंचित हैं। किसानों का कहना है कि पैक्स का गठन पंचायत स्तर पर किसानों को उर्वरक, बीज, फसल अधिप्राप्ति और अन्य योजनाओं का लाभ आसानी से उपलब्ध कराने के लिए किया गया था। फिलहाल सरकारी निर्देश पर पैक्स के जरिए धान की अधिप्राप्ति तो की जा रही है, लेकिन उर्वरक वितरण, जन औषधि केंद्र जैसी अन्य योजनाएं अब तक प्रभावी रूप से शुरू नहीं हो सकी हैं। किसानों का आरोप है कि ऑनलाइन आवेदन की जांच और स्वीकृति प्रक्रिया में स्पष्टता नहीं है। कुछ पंचायतों में पैक्स सदस्यों की संख्या अचानक बढ़ी है, जबकि कई पंचायतों में यह संख्या बेहद कम बनी हुई है, जिससे अनियमितता की आशंका जताई जा रही है। किसानों ने प्रशासन और संबंधित विभाग से मांग की है कि पैक्स सदस्यता प्रक्रिया की समीक्षा कर पारदर्शी व्यवस्था लागू की जाए, ताकि सभी पात्र किसानों को समय पर पैक्स का लाभ मिल सके और सरकारी योजनाओं का वास्तविक उद्देश्य पूरा हो।

## धनसोई बाजार को जाम से मिलेगी मुक्ति बाईपास निर्माण की दिशा में बड़ा कदम

- **डीएम साहिला ने किया प्रस्तावित धनसोई बाजार बाईपास का स्थल निरीक्षण**



**केटी न्यूज/बक्सर**

धनसोई बाजार क्षेत्र में वर्षों से चली आ रही जाम और यातायात अव्यवस्था की समस्या से जल्द निजात मिलने की उम्मीद जगी है। जिलाधिकारी साहिला द्वारा प्रस्तावित धनसोई बाजार बाईपास (ग्रीन फील्ड) निर्माण को लेकर स्थल निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बाईपास निर्माण से जुड़ी तकनीकी एवं प्रशासनिक पहलुओं की बारीकी से समीक्षा की। निरीक्षण के क्रम में कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, बक्सर ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि धनसोई बाईपास के निर्माण हेतु आवश्यक भूमि अधिग्रहण से संबंधित अधियाचना (डिमांड प्रपोजल) तैयार कर जिला भू-अर्जन कार्यालय, बक्सर को उपलब्ध करा दी गई है। यह बाईपास ग्रीन फील्ड परियोजना के तहत विकसित की जाएगी, जिससे यातायात को सुगम और सुरक्षित बनाया जा सकेगा।

**भू-अर्जन प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्देश**

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी साहिला ने जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, बक्सर को स्पष्ट निर्देश दिया कि बाईपास निर्माण के लिए प्रस्तावित भूमि का अधिग्रहण कार्य यथाशीघ्र पूर्ण किया जाए, ताकि परियोजना में अनावश्यक विलंब न हो। उन्होंने कहा कि यह बाईपास केवल एक सड़क परियोजना नहीं, बल्कि क्षेत्र के समग्र विकास की आधारशिला है।

**व्यापार और आवागमन दोनों को मिलेगा लाभ**

धनसोई बाजार से होकर गुजरने वाले भारी वाहनों के कारण आए दिन जाम की स्थिति उत्पन्न होती है, जिससे आम लोगों के साथ-साथ व्यापारियों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। बाईपास के निर्माण से बाजार क्षेत्र में यातायात का दबाव कम होगा और स्थानीय व्यापार को भी गति मिलेगी। साथ ही, दूर-दराज से आने-जाने वाले वाहनों को सुगम वैकल्पिक मार्ग मिलेगा।

**विकास कार्यों में प्रशासन की सक्रियता**

जिलाधिकारी साहिला ने निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश देते हुए कहा कि सरकार की प्राथमिकता आम जनता को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना है। धनसोई बाईपास परियोजना इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

स्थानीय लोगों ने भी प्रशासन की इस पहल का स्वागत किया है और उम्मीद जताई है कि जल्द ही बाईपास का निर्माण कार्य धरातल पर उतरेगा, जिससे धनसोई बाजार क्षेत्र को स्थायी राहत मिल सकेगी।

# यातायात नियम तोड़ने वालों पर जिला प्रशासन का सख्त प्रहार

- **बक्सर में सघन वाहन चेकिंग अभियान, तीन दिनों में 3.21 लाख रुपये का जुर्माना वसूला**







**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर जिले में लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। जिलाधिकारी साहिला ने जिले भर में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाने का स्पष्ट निर्देश जारी किया है। यह अभियान न केवल शहरी क्षेत्रों बल्कि ग्रामीण इलाकों, प्रमुख सड़कों, चौक-चौराहों और सीमावर्ती क्षेत्रों में भी नियमित रूप से चलाया जाएगा।

**रोको-टोको अभियान से मचा हड़कंप**

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक शुभम आर्य के निर्देश के आलोक में परिवहन विभाग और पुलिस प्रशासन द्वारा बक्सर शहर में रोको-टोको अभियान चलाया गया। इस दौरान विशेष रूप से दोपहिया वाहन चालकों के हेलमेट और चारपहिया वाहन चालकों के सीट बेल्ट की सघन जांच की गई। अभियान के दौरान ट्रैफिक नियमों की अनदेखी करने वालों में अफरा-तफरी का माहौल देखा गया।

**तीन दिनों में 119 वाहनों पर कार्रवाई**

जिला परिवहन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 फरवरी से 03 फरवरी तक चले इस विशेष अभियान में जिले के विभिन्न चौक-चौराहों पर कुल 119 वाहनों का शमन किया गया। नियमों के उल्लंघन के मामलों में इन वाहनों पर कार्रवाई करते हुए कुल 3,21,700 रुपये (तीन लाख इक्कीस हजार सात सौ रुपये) का जुमार्ना अधिरोपित किया गया।

**इन मामलों में हुई कार्रवाई**

अभियान के दौरान बिना वैध कागजात, बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, ओवरलोडिंग, ट्रिपल लोडिंग तथा अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई की गई। जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि नियम तोड़ने वालों के साथ किसी प्रकार की नरमी नहीं बरती जाएगी।

**दुर्घटनाओं पर रोक लगाना प्राथमिक लक्ष्य**

जिलाधिकारी साहिला ने कहा कि सड़क सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। अधिकांश सड़क दुर्घटनाएं लापरवाही और यातायात नियमों की अनदेखी के कारण होती हैं। ऐसे में वाहन चेकिंग अभियान का मुख्य उद्देश्य आम लोगों की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित करना है, न कि केवल जुमार्ना वसूलना।

**जिलावासियों से की गई अपील**

जिला प्रशासन ने जिलेवासियों से अपील की है कि वाहन चलाते समय हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें, वैध कागजात साथ रखें और ट्रैफिक नियमों का पालन करें। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि आने वाले दिनों में चेकिंग अभियान और अधिक सख्त किया जाएगा। स्पष्ट संदेश है नियम मानिए, सुरक्षित रहिए, वरना कार्रवाई तय है।

Mob: 9122226720
कुमार आर्योपेडिक्स क्लिनिक
सुमित्रा महिला कॉलेज से पूरब, ढेलवानी मोड़, डुमराँव
डा. बिरेन्द्र कुमार
आर्थोपेडिक सर्जन
हड्डी, नस, गठिया रोग विशेषज्ञ
डा. एस.के. अम्बष्ठ
M.B.B.S (MKCC, ODISHA)
MD (Derma & Cosmetology),
KMC Manipal (Gold Medalist)
चर्म रोग, कुष्ट रोग, गुप्त रोग, सौंदर्य विशेषज्ञ
प्रत्येक मंगलवार
डा. अरुण कुमार
जेनरल एण्ड लेप्रोस्कोपिक सर्जन
(M.B.B.S, D.NB. (New Delhi)
पेट रोग विशेषज्ञ
प्रत्येक गुरुवार

# पाथवेज वर्ल्ड स्कूल के किड्स व नर्सरी के बच्चों ने किया डुमरांव शहर का शैक्षिक परिभ्रमण



**केटी न्यूज/डुमरांव**

पाथवेज वर्ल्ड स्कूल, डुमरांव के किड्स और नर्सरी कक्षा के नन्हे-मुन्ने बच्चों के लिए बुधवार का दिन सीख और रोमांच से भरपूर रहा। विद्यालय के 62 छोटे-छोटे बच्चे शैक्षिक परिभ्रमण पर डुमरांव शहर के विभिन्न ऐतिहासिक, धार्मिक और मनोरंजन स्थलों का भ्रमण करने निकले। बच्चों के चेहरे पर उत्सुकता और आंखों में जिज्ञासा साफ झलक रही थी।

### इतिहास, आस्था और प्रकृति से हुआ परिचय

यह शैक्षिक परिभ्रमण विद्यालय के इंजीनियर आर. राघवन के कुशल देखरेख में संपन्न हुआ। परिभ्रमण के दौरान बच्चों को डुमरांव शहर के प्रमुख स्थलों ऐतिहासिक राजगढ़, बिहारी जी का मंदिर, काली मंदिर, छठिया पोखरा पार्क तथा शहीद पार्क का भ्रमण कराया गया। इन स्थलों पर शिक्षकों द्वारा बच्चों को सरल भाषा में उनके महत्व के बारे में बताया गया, जिससे बच्चे न केवल स्थानों को देख पाए बल्कि उनके ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पक्ष को भी समझ सके।

**शैक्षिक परिभ्रमण से बच्चों का सर्वांगीण विकास : आर. राघवन**

इस अवसर पर इंजीनियर आर. राघवन ने कहा कि शैक्षिक परिभ्रमण केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं होता, बल्कि यह बच्चों के आत्मिक और भावनात्मक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस तरह की यात्राएं बच्चों के व्यवहार में सकारात्मक बदलाव लाती हैं और उन्हें समाज, संस्कृति व पर्यावरण से जोड़ती हैं।

**अभिभावकों ने भी जताई खुशी**

बच्चों के सुरक्षित, आनंददायक और ज्ञानवर्धक परिभ्रमण को लेकर अभिभावकों में भी संतोष देखा गया। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों की शुरूआती शिक्षा को मजबूत आधार प्रदान करती हैं। इस तरह पाथवेज वर्ल्ड स्कूल का यह शैक्षिक परिभ्रमण नन्हे बच्चों के लिए सीख, आनंद और संस्कारों से भरपूर एक यादगार अनुभव बन गया।

### खेल-खेल में सीखने का अनोखा अनुभव

यात्रा को और भी आनंददायक बनाने के लिए विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने रास्ते भर बच्चों के साथ गीत, कविताएं, छोटे-छोटे खेल और संवादात्मक गतिविधियां कराईं। इससे बच्चों का उत्साह बना रहा और परिभ्रमण एक यादगार अनुभव में बदल गया।छठिया पोखरा पार्क और शहीद पार्क में बच्चों ने खुली हवा में प्रकृति का आनंद लिया और सामूहिक गतिविधियों में भाग लिया।

## एनएच-120 पर सुस्त काम, संवेदक की मनमानी और विभागीय उदासीनता से आमजन बेहाल

# डुमरांव जाम में जकड़ा : तीन महीने की मरम्मत ने बढ़ाई लोगों की मुसीबत





**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव नगर और आसपास के क्षेत्रों के लोगों को जाम की समस्या से निजात मिलती नहीं दिख रही है। बीते तीन माह से डुमरांवद्दबिक्रमगंज एनएच-120 पर चल रहा सड़क मरम्मतिकरण कार्य लोगों के लिए राहत की बजाय परेशानी का सबब बन गया है। कार्य की धीमी गति, अव्यवस्थित खुदाई और समन्वय के अभाव ने नगर की यातायात व्यवस्था को पूरी तरह चरमरा दिया है। हालात ऐसे हैं कि हर दिन स्कूली छात्र, व्यापारी, मरीज और राहगीर घंटों जाम में फंसे रहने को मजबूर हैं।

**भारी वाहन बंद होने के बावजूद अधूरा काम**

स्थानीय लोगों का कहना है कि जब एनएच-120 पर भारी वाहनों का परिचालन बंद किया गया था, उसी समय मरम्मतिकरण का कार्य तेजी से पूरा कर लिया जाना चाहिए था। लेकिन संवेदक की मनमानी और संबंधित विभाग की उदासीनता के कारण काम जानबूझकर खींचा गया। नतीजतन, व्यवसाय प्रभावित हो रहा है, पढ़ाई बाधित हो रही है और आमजन का धैर्य जवाब देने लगा है।

**स्टेशन रोड बना जाम का केंद्र**

जाम की सबसे गंभीर स्थिति स्टेशन रोड पर देखने को मिल रही है। राज हाईस्कूल के खेल मैदान के पास और महरौरा मोड़ के समीप सड़क पर गड्ढों की खुदाई कर दी गई है, जिससे सड़क संकरी हो गई है। इन दोनों स्थानों पर वन-वे की स्थिति बन गई है। जाम नियंत्रित करने के लिए पुलिस बल की तैनाती की गई है, लेकिन इसके बावजूद हालात जस के तस बने हुए हैं। एक तरफ से वाहनों को रोककर दूसरी तरफ से निकाला जा रहा है, जिससे जाम और अधिक लंबा लग रहा है।

**शुरूआत में व्यवस्था होती तो हालात न बिगड़ते**

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि खुदाई और यातायात प्रबंधन की योजना पहले से बनाई गई होती तो जाम की समस्या इतनी भयावह नहीं होती। बिना वैकल्पिक मार्ग और बिना चरणबद्ध कार्ययोजना के सड़क को खोद देना प्रशासनिक लापरवाही को दर्शाता है।

**जलजमाव पर भी नहीं ध्यान**

स्टेशन रोड की एक और बड़ी समस्या जलजमाव है। हल्की बारिश में भी सड़क पर पानी जमा हो जाता है, जिससे स्थिति और खराब हो जाती है। इस मुद्दे पर जब नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी से बात की गई तो उन्होंने स्पष्ट कहा कि यह सड़क एनएच के अंतर्गत आती है, इसलिए नगर परिषद इसमें कोई कार्य नहीं करा सकती। विभागों के बीच जिम्मेदारी टालने का यह रवैया जनता की परेशानी को और बढ़ा रहा है।

**बोले विधायक मॉनिटरिंग जारी, स्थायी समाधान की तैयारी**

इस संबंध में स्थानीय विधायक राहुल कुमार ने बताया कि सड़क मरम्मतिकरण कार्य की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। उन्होंने स्वीकार किया कि इस माह लोगों को कुछ परेशानी झेलनी पड़ेगी, क्योंकि मां डुमरेजिन मोड़ से पुरानाभोजपुर चौक तक लगभग पांच किलोमीटर सड़क की मरम्मति चल रही है। उन्होंने यह भी बताया कि इस मार्ग के पूर्ण निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया प्रगति पर है। सड़क के साथ-साथ नाली निर्माण की भी योजना है, जिससे भविष्य में जलजमाव की समस्या समाप्त हो सकेगी।

**जनता का सवालरू कब मिलेगी राहत**

हालांकि प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की ओर से आश्वासन दिए जा रहे हैं, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि डुमरांव की जनता हर दिन जाम की पीड़ा झेल रही है। अब लोगों की नजरें इस बात पर टिकी हैं कि कब यह मरम्मत कार्य पूरा होगा और कब उन्हें जाम से स्थायी राहत मिलेगी।

## एक नजर

### जिलाधिकारी साहिला ने किया भभुअर तालाब का स्थल निरीक्षण, मार्च तक जीर्णोद्धार कार्य पूर्ण करने का निर्देश

**बक्सर।** जिलाधिकारी साहिला द्वारा बक्सर प्रखंड अंतर्गत स्थित भभुअर तालाब का स्थल भ्रमण कर वहां चल रहे जीर्णोद्धार कार्यों की प्रगति का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। मौके पर उपस्थित कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल बक्सर ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि भभुअर तालाब से संबंधित सभी कार्य लघु सिंचाई विभाग के माध्यम से कराए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि तालाब के जीर्णोद्धार का कार्य तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है और निर्धारित योजना के अनुसार इसे पूरा किया जा रहा है। जिलाधिकारी साहिला ने कार्यों की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए कार्यपालक अभियंता को स्पष्ट निर्देश दिया कि भभुअर तालाब का जीर्णोद्धार कार्य हर हाल में मार्च माह तक पूर्ण कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि समय-सीमा का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को शीघ्र इसका लाभ मिल सके। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने तालाब क्षेत्र को जनोपयोगी और सुव्यवस्थित बनाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने भभुअर तालाब परिसर में मूलभूत सुविधाओं के विकास के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने शौचालय, स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था, बैठने के लिए उचित स्थान, तथा अन्य आवश्यक संरचनाओं के निर्माण का निर्देश दिया, ताकि आने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि तालाब के सौंदर्यीकरण के साथ-साथ स्वच्छता और रख-रखाव की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया कि कार्य की गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाए और सभी निर्माण कार्य मानक के अनुरूप हों। जिलाधिकारी के इस निरीक्षण से स्थानीय लोगों में उम्मीद जगी है कि भभुअर तालाब का जीर्णोद्धार पूर्ण होने के बाद यह क्षेत्र न केवल जल संरक्षण का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा, बल्कि आम नागरिकों के लिए एक उपयोगी एवं आकर्षक स्थल के रूप में विकसित होगा।

### भव्य भंडारे के साथ संपन्न हुआ 18वां श्री सद्गुरुदेव महोत्सव, सीताराम विवाह की कथा ने बांधा भक्तों का मन

**बक्सर।** श्री हनुमत धाम मंदिर परिसर में पांच दिनों तक चला 18वां श्री सद्गुरुदेव पुण्य स्मृति महोत्सव बुधवार को भव्य महाभंडारे के साथ श्रद्धा और उल्लासपूर्वक संपन्न हो गया। महोत्सव के अंतिम दिन प्रभु श्रीराम और माता सीता के पावन विवाह प्रसंग ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। हजारों साधु-संतों और ग्रामीण भक्तों की उपस्थिति ने आयोजन को ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान किया।

**धनुष यज्ञ से विवाह तक, कथा ने रचा आध्यात्मिक दृश्यः** महोत्सव के पांचवें और अंतिम दिन अयोध्या धाम के प्रसिद्ध कथा व्यास पंडित विजय नारायण शरण जी ने पुष्प वाटिका (फुलवारी) प्रसंग, धनुष यज्ञ एवं सीताद्दराम विवाह की कथा का अत्यंत भावपूर्ण और सजीव वर्णन किया। उन्होंने बताया कि जैसे ही प्रभु श्रीराम ने शिव धनुष का भंजन किया, मानो संपूर्ण ब्रह्मांड ह्लजय श्रीरामह्व के उद्घोष से गूंज उठा। कथा के दौरान श्रोताओं की आंखों में भक्ति के आंसू और चेहरे पर आनंद की झलक साफ दिखाई दी।

**मिथिला के मंगल गीतों से जीवंत हुआ जनकपुरः** सीताद्दराम विवाह प्रसंग के समय पंडाल में श्री मामा जी महाराज द्वारा रचित मिथिला के पारंपरिक मंगल गीतों की मधुर गूंज ने वातावरण को और भक्तिमय बना दिया। श्रद्धालुओं को ऐसा प्रतीत हुआ मानो साक्षात जनकपुर धाम कमरपुर की धरती पर उतर आया हो। गीत, कथा और भक्ति के संगम ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

**साधु-संतों का समागम और गुरु वंदनाः** समापन अवसर पर बक्सर सहित दूर-दराज से आए हजारों साधु-संतों ने पूज्य मामा जी महाराज एवं श्री महात्मा जी के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर गुरु वंदना की। कथा व्यास ने गुरु महिमा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महोत्सव का 18वां वर्ष गुरुदेव के संकल्पों और सेवा परंपरा को आगे बढ़ाने का प्रतीक है। कथा के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने पंक्तिबद्ध होकर प्रसाद ग्रहण किया। श्री नेहनिधि नारायण सेवा समिति के कार्यकताओं ने संतों और भक्तों की सेवा में अद्भुत समर्पण दिखाया।

## डुमरांव बनेगा डिजिटल शहर : जीआईएस सर्वे से नागरिक सेवाओं में आएगी पारदर्शिता और रफ्तार

**डुमरांव।** डुमरांव शहर अब पारंपरिक विकास मॉडल से आगे बढ़ते हुए डिजिटल और डेटा आधारित शहरी नियोजन की दिशा में कदम बढ़ा रहा है। नगर परिषद क्षेत्र में पहली बार जीआईएस (जियोग्राफिक इन्फॉर्मेशन सिस्टम) आधारित सर्वे और मैपिंग कराई जाएगी, जिससे न केवल शहर का विकास अधिक वैज्ञानिक होगा, बल्कि आम नागरिकों को भी सीधा लाभ मिलेगा। नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी राहुलधर दुबे ने बताया कि डुमरांव में 31 मार्च तक जीआईएस सर्वे पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इस कार्य के लिए वीवीएन टेक्नोलॉजी को जिम्मेदारी सौंपी गई है, जो एक टाउन कोऑर्डिनेटर और 9 सर्वेयर की टीम के साथ पूरे नगर क्षेत्र का डिजिटल डेटा तैयार करेगी। यह सर्वे शहर की हर गली, हर मोहल्ले और हर बस्ती को डिजिटल नक्शे पर दर्ज करेगा। जीआईएस मैपिंग पूरी होने के बाद डुमरांव की तस्वीर पूरी तरह बदल जाएगी। नागरिक अपने मोबाइल या कंप्यूटर से घर बैठे प्रॉपर्टी टैक्स, भवन विवरण, ट्रेड लाइसेंस, ऑनलाइन भुगतान और विभिन्न प्रमाण पत्रों की जानकारी आसानी से प्राप्त कर सकेंगे। इससे लोगों को नगर कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे और व्यवस्था में पारदर्शिता बढ़ेगी। इस सर्वे के तहत सड़कों, सरकारी जमीन, पार्क, ग्रीन एरिया, सार्वजनिक भवन और अन्य बुनियादी ढांचों की अलग-अलग डिजिटल लेयर बनाई जाएगी। इससे नगर प्रशासन को यह स्पष्ट जानकारी मिलेगी कि कहां कौन-सी सुविधा की कमी है और कहां सुधार की जरूरत है। विशेष रूप से उन बस्तियों पर ध्यान दिया जाएगा, जो अब तक अव्यवस्थित विकास के कारण बुनियादी सुविधाओं से वंचित रही हैं।

## चौगाईं में रोजगार सह मार्गदर्शन मेला, युवाओं को मिलेगा नौकरी और स्वरोजगार का सुनहरा अवसर

**केटी न्यूज/बक्सर**

प्रखंड कार्यालय चौगाईं के समीप जीविका के माध्यम से रोजगार सह मार्गदर्शन मेला आयोजित किया जाएगा, जिसमें जिले के युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार से जुड़ने का सुनहरा अवसर मिलेगा। यह मेला दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है, जिसका शुभारंभ जिलाधिकारी साहिला द्वारा किया जाएगा।

इस रोजगार मेले का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को नौकरी के साथ-साथ स्वरोजगार के लिए मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण उपलब्ध कराना है। जीविका प्रखंड परियोजना क्रियान्वयन इकाई, चौगाईं द्वारा आयोजित इस मेले में 18 से 35 वर्ष आयु वर्ग के युवक-युवतियों का पंजीयन किया जाएगा। चयनित अभ्यर्थियों को मौके पर ही नियुक्ति पत्र भी प्रदान किया जाएगा। साथ ही युवाओं को चयन प्रक्रिया के अगले चरण के लिए भी चिन्हित किया जाएगा।

जिला परियोजना प्रबंधक, जीविका बक्सर ने बताया कि इस मेले के माध्यम से युवाओं को रोजगारपरक प्रशिक्षण संस्थानों की जानकारी दी जा रही है। अभ्यर्थी विभिन्न व्यवसायिक पाठ्यक्रमों में निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। प्रशिक्षण के दौरान रहने, खाने और प्रशिक्षण की पूरी व्यवस्था निःशुल्क होगी। इसके अतिरिक्त जिला ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में भी युवाओं का पंजीयन कराया जाएगा।

अधिक से अधिक युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए गांव-गांव में कौशल रथ के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। जीविका की सामुदायिक बैठकों में भी इस मेले की जानकारी दी जा रही है, ताकि जीविका दीदियों के माध्यम से युवाओं तक संदेश पहुंचे।

प्रखंड परियोजना प्रबंधक, चौगाईं ने बताया कि इस रोजगार मेले में ग्रामीण गरीब युवक-युवतियां, जो गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करते हों, जीविका स्वयं सहायता समूह से जुड़े परिवार के सदस्य हों या जिन्हें मनरेगा के तहत कम से कम एक वर्ष में 35 दिन का कार्य मिला हो, वे पात्र होंगे। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं महिलाओं को प्राथमिकता दी जाएगी।

इस मेले में टाटा मोटर्स, वरुण बेवरेजेज (पेप्सी), कोका-कोला, स्विगी, उत्कर्ष लघु वित्त बैंक, ई-कॉम एक्सप्रेस, एचसीएल, एसआईएस सुरक्षा सेवाएं सहित कई निजी कंपनियां भाग लेंगी। कंपनियों द्वारा साक्षात्कार एवं लिखित परीक्षा के माध्यम से चयन किया जाएगा।

रोजगार या स्वरोजगार हेतु कौशल प्रशिक्षण के लिए अभ्यर्थी ह्लकौशल पंजीह्व मोबाइल ऐप (प्ले स्टोर से) डाउनलोड कर या विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं, अथवा नजदीकी जीविका कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

# झांकी के माध्यम से दिया राष्ट्रप्रेम और पर्यावरण संरक्षण का संदेश

- जिस राष्ट्र की जड़ें प्रकृति में हों और आत्मा सेवा में, वही राष्ट्र महान बनता है : शैलेश ओझा




**केटी न्यूज/ब्रह्मपुर**

रघुनाथपुर स्थित यूएस्को संस्थान में स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर आयोजित प्रतियोगिता के विजेता छात्रों के लिए प्रतिभा सम्मान समारोह एवं कवि गोष्ठी का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थान के छात्रों ने पर्यावरण संरक्षण एवं राष्ट्रप्रेम पर आधारित झांकी प्रस्तुत कर समाज को जागरूक करने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं के परिणाम घोषित कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में राष्ट्रप्रेम, नैतिक मूल्यों, आत्मविश्वास एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति चेतना विकसित करना रहा। संस्थान की स्थापना प्रख्यात शिक्षाविद्, लेखक एवं गीता का अंग्रेजी अनुवाद करने वाले स्व. रामाधार तिवारी द्वारा शिक्षा के साथ-साथ साहित्य एवं संस्कृति के संवर्धन हेतु की गई थी। संस्थान के निदेशक अमरजीत कुमार ने बताया कि छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिवर्ष शैक्षणिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं पर्यावरणीय गतिविधियाँ आयोजित की जाती हैं। कार्यक्रम में वक्ताओं ने स्वामी विवेकानंद के विचारों पर प्रकाश डालते हुए आत्मविश्वास, चरित्र निर्माण, सेवा-भाव एवं अनुशासन को युवाओं के लिए अनिवार्य बताया। मुख्य अतिथि ब्रह्मपुर हाई स्कूल के अवकाश प्राप्त प्रधानाध्यापक चंद्रभूषण सिंह ने कहा कि युवा शक्ति ही राष्ट्र का भविष्य है और बच्चों में नैतिकता एवं आत्मबल का विकास समय की आवश्यकता है। पर्यावरण संरक्षण गतिविधि दक्षिण बिहार के जनसंवाद प्रमुख शैलेश ओझा ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचारों को केवल भाषणों तक सीमित न रखकर अपने आचरण में उतारना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस राष्ट्र की जड़ें प्रकृति में हों और आत्मा सेवा में हो, वही राष्ट्र सच्चे अर्थों में महान बनता है। कवि गोष्ठी में कवि विनोद कैमुरी, हृदय नारायण हेहर एवं रत्नेश राही ने अपनी रचनाओं से वातावरण को उल्लासपूर्ण बना दिया, वहीं कवयित्रियां बबीता कुमारी एवं नुपुर शर्मा ने भावपूर्ण काव्य पाठ से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। संस्थान की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत शास्त्रीय नृत्य ने दर्शकों की खूब सराहना बटोरी। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक जगदीश चंद्र ओझा ने की। संचालन डॉ. ललन मिश्रा तथा धन्यवाद ज्ञापन संस्था के सचिव विंध्याचल शाही द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ. चंद्रशेखर पाठक, चतुर्भुज प्रसाद, दिलीप पाल, अजय गुप्ता, अशोक पाल सहित अनेक शिक्षक, अभिभावक एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## केसठ में शब-ए-बारात अकीदत व एहतराम के साथ मनाई गई

**केटी न्यूज/केसठ**

प्रखंड के केसठ स्थित नया बाजार के जमा मस्जिद के प्रांगण में मंगलवार की रात मुस्लिम कमिटी जमा मस्जिद के तत्वावधान में शब-ए-बारात का पर्व पूरे अकीदत, एहतराम और धार्मिक उत्साह के साथ मनाया गया। इस मौके पर मस्जिद परिसर को आकर्षक रोशनी से सजाया गया था। बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने शिरकत कर इबादत और दुआओं में हिस्सा लिया।शब-ए-बारात के अवसर पर मगरिब की नमाज के बाद ही इबादत का सिलसिला शुरू हो गया, जो देर रात तक चलता रहा। लोगों ने नफ्ल नमाज अदा की, कुरान की तिलावत की और अल्लाह से अपने गुनाहों की माफी मांगी। मस्जिद परिसर में नात और दुआओं की गूंज से माहौल पूरी तरह रूहानी बना रहा।मुस्लिम कमिटी जमा मस्जिद के सदर सरफुद्दीन खां ने शब-ए-बारात के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह रात रहमत और मगफिरत की रात होती है। इस रात अल्लाह अपने बंदों के पिछले गुनाहों को माफ फरमाते हैं और उनकी तकदीर का फैसला करते हैं। उन्होंने कहा कि शब-ए-बारात आत्मचिंतन, तौबा और नेक अमल की प्रेरणा देती है।सदर सरफुद्दीन खां ने समाज में भाईचारा, अमन-शांति और आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की। उन्होंने युवाओं से बुराइयों से दूर रहने और इस पाक रात में ज्यादा से ज्यादा इबादत करने का संदेश दिया।इस अवसर पर देश-प्रदेश में शांति, खुशहाली और तरक्की के लिए विशेष दुआ मांगी गई। साथ ही गरीबों, बीमारों और जरूरतमंदों के लिए भी दुआएं की गईं। आयोजन को सफल बनाने में मुस्लिम कमिटी के सदस्यों और स्थानीय लोगों का अहम योगदान रहा। पूरी रात माहौल शांतिपूर्ण और अनुशासित बना रहा।



# भ्रष्टाचार : ईओ की मिलीभगत से मैनपावर आउटसोर्सिंग कंपनियों से डील का भंडाफोड़




- एसडीएम ने दोषी ईओ के खिलाफ जांच कर डीएम को भेजी रिपोर्ट
- खास कंपनियों के साथ कम दर पर डील दिखा हुआ ओवरपेमेंट

**केटी न्यूज/रोहतास**

नगर पंचायत काराकाट के कार्यपालक पदाधिकारी (ईओ) पर भ्रष्टाचार और वित्तीय अनियमितताओं के गंभीर आरोपों की जांच पूरी हो गई है। एसडीएम ने जिला पदाधिकारी को रिपोर्ट सौंप दिया। जिसमें ईओ पर कार्रवाई की सिफारिश की गई है। रिपोर्ट में मैन पावर आउटसोर्सिंग में विभागीय नियमों का उल्लंघन और अतिरिक्त भुगतान का मामला सामने आया है।जांच 29 जनवरी 2026 को दोपहर 4 बजे शुरू हुई। यह जिला पदाधिकारी रोहतास के पत्र संख्या 4190/गो, 6 दिसंबर 2025 के आधार पर की गई। परिवादी दिनेश कुमार सिंह ने दिल्ली में रहने के कारण जांच में शामिल नहीं हो सके, लेकिन व्हाट्सएप के जरिए जानकारी दी। उन्होंने ईओ पर पांच मुख्य आरोप लगाए थे। पहला,रिश्वत न देने पर विपत्र से राशि काटना। दूसरा, मैन पावर के लिए ऑफलाइन निविदा निकालकर चहेती कंपनी को लाभ पहुंचाना। तीसरा, सशक्त स्थायी समिति के फैसले 15 दिनों में लागू न करना। चौथा, निर्गत पंजी में क्रमांक छोड़कर भ्रष्टाचार। पांचवां, एक कंपनी से रिश्वत लेने-लौटाने का ऑडियो।जांच में पहला और पांचवां आरोप साबित नहीं हुए। पहले के लिए कोई विशिष्ट विपत्र की जानकारी नहीं मिली। ऑडियो का सत्यापन एसडीएम स्तर पर संभव नहीं। लेकिन दूसरे आरोप पर गंभीर खुलासा हुआ। विभाग के पत्रांक 1380, 8 मई 2024 और 3463, 29 जून 2018 के मुताबिक, आउटसोर्सिंग जीईएम पोर्टल या ई-प्रोक्योरमेंट से होनी चाहिए। ईओ ने ऑफ लाइन निविदा निकाली, जिसमें 9 कंपनियों में से श्रेया सर्विसेज को सबसे कम दर 105840 रुपये प्रति माह) पर चुना। लेकिन जून से दिसंबर 2025 तक कंपनी ने 8 स्टाफ के बजाय कभी 6 तो कभी 7 ही दिए। फिर भी पूर्ण राशि का भुगतान किया गया। कुल अतिरिक्त 149105 रुपये का भुगतान हो चुका है, जो राजस्व की हानि है।रिपोर्ट में अनुशंसा है- निविदा रद्द कर ई-प्रोक्योरमेंट से नई निकालें। अतिरिक्त राशि वसूलें। ईओ पर प्रक्रियात्मक त्रुटि के लिए कार्रवाई हो। स्थायी समिति के फैसले समय पर न लागू करने पर साक्ष्य हैं, लेकिन भ्रष्टाचार साबित नहीं। डीएम अब अंतिम फैसला लेंगे। इससे नगर पंचायत में पारदर्शिता पर सवाल उठे हैं। स्थानीय लोग ईओ पर सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# हत्या कर ट्रॉली बैग में महिला की शव फेंकने वाला आरोपी हुआ गिरफ्तार

- एसडीपीओ ने प्रेसवार्ता कर हत्या कांड का किया उद्भेदन
- आरोपी पति ने अवैध संबंध के कारण पत्नी की कर दी हत्या



**केटी न्यूज/रोहतास**

ट्रॉली बैग में बरामद महिला की शव के मामले में एसडीपीओ अतुलेश झा,नगर थानाध्यक्ष शिवेंद्र कुमार के उपस्थिति में बुधवार को प्रेस वार्ता करते हुए बताया कि तीन दिन पूर्व महिला की हत्या के मामले का उद्भेदन कर लिया गया है इस मामले में पुलिस ने मृतिका के पति कयामुद्दीन शेख को कैमूर जिला के सोनहन थाना से मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया गया। तथा इसके पास से मृतिका का कपड़ा, ट्रॉली बैग सीने में प्रयुक्त किए गए सुई धागा, मृतिका एवं हत्यारा पति का मोबाइल फोन सहित अन्य साक्ष्य बरामद किया गया है. प्रेसवार्ता में बताया कि डिहरी नगर थानांतर्गत स्टेशन सब्जी मण्डी के पीछे रविवार को एक अज्ञात लाल रंग का ट्रॉली बैग होने एवं उससे दुर्गन्ध आने की सूचना प्राप्त हुई जिसके उपरांत थानाध्यक्ष डिहरी नगर थाना के द्वारा घटनास्थल पर पहुँचकर ट्रॉली बैग को खोला गया तो उसमें से एक अज्ञात महिला का शव बरामद किया गया।घटना की गंभीरता को देखते हुए घटना के उद्भेदन एंव संलिप्त अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी के लिए सहायक पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया जिसमें थानाध्यक्ष, डिहरी नगर थाना, एफ.एस.एल. टीम डिहरी एवं तकनिकी सहायता के लिए जिला आसूचना इकाई की टीम को भी शामिल किया गया।गठित विशेष पुलिस टीम के द्वारा बरामद अज्ञात महिला शव का फोटो सोशल मिडिया पर प्रसारित की गयी जिसके उपरांत शव की पहचान मैरून खातून उर्फ मैरून निशा पति.क्यामुधीन शेख सा.जक्की बिगहा,थाना-डिहरी नगर जिला-रोहतास के रूप में की गयी। मृतिका महिला का भाई मो. सरवर शेख, सा.सकलडिहा रेलवे स्टेशन बढ़ठी, थाना-सकलडीहा जिला चंदौली यू.पी के द्वारा इस संबंध में डिहरी नगर थाना में महिला के पति एवं अन्य के विरूद्ध काण्ड दर्ज कराया गया। विशेष पुलिस टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए प्राथमिकि नामजद अभियुक्त इरफान आलम व राजु शेख मंसूरी को पूर्व में ही न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा चुका है।सुसंधान के क्रम में काण्ड के मुख्य अभियुक्त क्यामुधीन अंसारी को कैमूर जिला से गिरफ्तार कर लाया गया। गिरफ्तार मृतिका के पति क्यामुधीन ने पूछताछ के क्रम में इस घटना के संबंध में बताया कि उसको शक था कि मृतिका का किसी अन्य पुरुष के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा है जिस कारण उसने अपनी पत्नी की हत्या करने की योजना बनायी तथा 30 जनवरी के रात्रि को अपने घर में ही मौका देखकर अपनी पत्नी मैरून खातून की गला घोटकर हत्या कर दी तथा शव को अपने घर में ही रखने के उपरांत 1 फरवरी को मृतिका के शव को एक लाल रंग का ट्रॉली बैग में भरकर डिहरी रेलवे स्टेशन सब्जी मण्डी के पीछे पड़े कचरे में फेंक कर भाग गया ।इस काण्ड में अब तक तीन अभियुक्तों की गिरफ्तारी कर ली गई है तथा मृतिका के शव एवं घटनास्थल से एफएसएल की टीम के द्वारा आवश्यक साक्ष्य संग्रहित कर उसे जॉच हेतू विधि विज्ञान प्रयोगशाला पटना के लिए भेजा गया है।सभी गिरफ्तार अभियुक्तों के अपराधीक इतिहास के संबंध में जॉच की जा रही है।

## पत्नी के प्रेम-प्रसंग में हुई मनोज की हत्या, इंस्टाग्राम चैट्स से खुलासा, प्रेमी व भाई चल रहे फरार

**एजेंसी/मुजफ्फरपुर**

मुजफ्फरपुर के नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत गोला रोड पर पान दुकानदार मनोज कुमार की हत्या के मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि इस हत्याकांड के पीछे मृतक की पत्नी नीशु कुमारी, उसका प्रेमी और उसका भाई शामिल हैं। मृतक की मां और अन्य परिजनों के बयान के आधार पर पुलिस ने मनोज कुमार की पत्नी नीशु कुमारी को गिरफ्तार कर लिया है, जिसे देर शाम न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। वहीं हत्या में शामिल महिला का प्रेमी और उसका भाई फिलहाल फरार हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। पुलिस के अनुसार यह हत्या महज एक आपराधिक घटना नहीं, बल्कि सोशल मीडिया पर पनपे अवैध प्रेम संबंध का खौफनाक अंजाम है। जांच में खुलासा हुआ है कि मृतक की पत्नी नीशु कुमारी की पहचान इंस्टाग्राम के जरिए एक युवक से हुई थी। शुरूआत में बातचीत तक सीमित यह संबंध धीरे-धीरे प्रेम प्रसंग में बदल गया। इसी को लेकर पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद होने लगा था। मंगलवार की सुबह भी इसी बात को लेकर मनोज कुमार और नीशु कुमारी के बीच झगड़ा हुआ था, जिसके बाद नीशु घर छोड़कर रामबाग स्थित अपनी बहन के घर चली गई। इसके कुछ ही समय बाद मनोज कुमार के मोबाइल पर एक फोटो आया, जिसमें उसकी पत्नी अपने प्रेमी के साथ नजर आ रही थी। यही फोटो सोशल मीडिया पर स्टेटस के रूप में भी डाली गई थी। परिजनों का कहना है कि इस तस्वीर और इंस्टाग्राम पर चल रहे रिश्ते ने मनोज कुमार को मानसिक रूप से बुरी तरह तोड़ दिया था।पुलिस के मुताबिक, देर रात मनोज कुमार को एक फोन कॉल आया, जिसमें बताया गया कि उसकी पत्नी एक युवक के साथ है और उसे दिखाया जाएगा। इसी बहाने उसे सुनियोजित तरीके से बाहर बुलाया गया। माखन साह चौक से गोला रोड के बीच आरोपियों ने मनोज कुमार पर चाकू से हमला कर उसकी हत्या कर दी और मौके से फरार हो गए।

## अतिथि शिक्षक संघ नियमितीकरण मांगो को लेकर सरकार समक्ष देंगे धरना

- 16 से 17 फरवरी तक पटना में करेंगे धरना प्रदर्शन



**केटी न्यूज/आरा**

सूबे के विभिन्न विश्वविद्यालयों में कार्यरत अतिथि शिक्षकों की सेवा नियमितीकरण की मांग को लेकर बिहार विधानमंडल के बजट सत्र के दौरान 16 एवं 17 फरवरी धरना कार्यक्रम होना है। इसकी तैयारी को लेकर बीकेएसयू आरा विभिन्न अंगीभूत कॉलेजों व पीजी विभागों में कार्यरत अतिथि शिक्षकों की बैठक हुई । साथ ही विचार-विमर्श भी किया गया। बीकेएसयू अतिथि शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ आदित्य कुमार आनन्द ने बताया कि सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पटना में होनेवाले दो दिवसीय धरना में बीकेएसयू के सभी अंगीभूत महाविद्यालयों व पीजी विभागों के सभी अतिथि शिक्षक शामिल होंगे।इसके अलावा पटना में आयोजित दो दिनों के इस धरना कार्यक्रम को तन मन और धन से सफल बनाए जाए। इसकी सफलता हमारे भविष्य से जुड़ी हुई है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए भारी संख्या में जुड़ने का आवाहन किया गया है। सूबे के विभिन्न विश्वविद्यालयों में विवि अनुदान आयोग द्वारा निर्धारित मापदंड तथा राज्य सरकार के निदेर्शानुसार स्थाई सहायक प्राध्यापक की नियुक्ति के लिए निर्धारित अर्हता, योग्यता एवं प्रक्रिया के अनुसार रिक्त पड़े स्वीकृत पद पर नियुक्त अतिथि शिक्षक लगातार छः साल से कार्य करते आ रहे हैं।वर्षों से सेवा नियमितीकरण की मांग की जा रही है, लेकिन बिहार सरकार अब तक इस दिशा में कोई भी सकारात्मक सोच नहीं दिखा रही है। ऐसे में बाध्य होकर प्रदर्शन करना पड़ रहा है। जो 16 फरवरी के धरना में शिरकत करेंगे बीआरएवीयू मुजफ्फरपुर, बीके एसयू आरा, केएसडीएसयू दरभंगा, टीएमबीयू भागलपुर, पीयूपटना, एमयूबोधगया, पी पीयू पटना 17 फरवरी को धरना कार्यक्रम में एलएनएमयू दरभंगा, बीएनएमयू मधेपुरा, जेपीयू छपरा, एमयू मुंगेर के शिक्षक लेंगे भाग। मौके पर डॉ सोमेश शशि,डॉ संजय कुमार,डॉ.अमर कुमार, डॉ.अशोक तिवारी, डॉ मधु कुमारी,डॉ सीमा कुमारी, डॉ राकेश चौधरी, डॉ अनंत कुमार, डॉअनुज कुमार, डॉ श्वेता कुमारी, डॉ सुजीत कुमार, डॉ अरविंद कुमार, डॉ मुकेश कुमार, डॉ धर्मनाथ, डॉ अनिमेष कुमार,डॉ मुन्ना कुमार, डॉ अमरेश कुमार, डॉ जुगल किशोर, डॉ कंचन कुमारी आदि मौजूद रहें।

## आरजेडी के पूर्व विधायक रियाजुल हक ने थामा जेडीयू का दामन, लालू-तेजस्वी की पार्टी को बड़ा झटका



**एजेंसी। पटना**

गोपालगंज से पूर्व फखऊ विधायक रियाजुल हक अपने समर्थकों के साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जेडीयू में शामिल हो गए। जेडीयू में शामिल होने से लालू-तेजस्वी की पार्टी के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। गोपालगंज से राष्ट्रीय जनता दल के पूर्व विधायक रियाजुल हक बुधवार को अपने कई समर्थकों के साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाइटेड में शामिल हो गये। जेडीयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने पार्टी में शामिल हुए सभी नेताओं का स्वागत किया और प्राथमिक सदस्यता दिलाई। जेडीयू के इस कदम को लालू-तेजस्वी की पार्टी के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। उजेडीयू के मिलन समारोह में बिहार सरकार के मंत्री श्रवण कुमार, विधान परिषद में सत्ताधारी दल के मुख्यसचिव संजय कुमार सिंह, विधायक अमरेंद्र कुमार पांडेय, एमएलसी खालिद अनवर, मुख्यालय प्रभारी अनिल कुमार और वासुदेव कुशवाहा सहित कई अन्य नेता मौजूद रहे। गोपालगंज के पूर्व विधायक रियाजुल हक उर्फ राजू के साथ-साथ गोपालगंज नगर परिषद के उपसभापति मंसूर अंसारी, सभापति मोहम्मद कासिम, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ की प्रदेश उपाध्यक्ष रुकसाना परवीन, हरेंद्र चौधरी, पूर्व मुखिया योगेंद्र यादव और अन्य पंचायत प्रतिनिधि भी नीतीश की पार्टी में शामिल हो गये।बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए को प्रचंड बहुमत मिलने के बाद से ही जेडीयू समेत सहयोगी दलों के नेताओं द्वारा आरजेडी में संभावित टूट की चर्चा चल रही थी। रियाजुल हक का जेडीयू में शामिल होना इसी क्रम में लालू-तेजस्वी की पार्टी के लिए गंभीर झटका माना जा रहा है।इस मौके पर जेडीयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने बताया कि रियाजुल हक एक कर्मठ और मजबूत जनाधार वाले नेता हैं। उनके पार्टी में आने से जेडीयू और मजबूत बनेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अल्पसंख्यक समुदाय के सच्चे हितैषी हैं। उन्होंने इस समुदाय के लिए कई ठोस कदम उठाए हैं, जबकि विपक्षी दल ने मुस्लिम समुदाय को केवल दिगभ्रमित करने का काम किया है।

## मुंगेर में इंटर परीक्षार्थी 3 दिन से लापता, दोस्त पर अपहरण का आरोप

**एजेंसी। पटना**

मुंगेर के शास्त्री नगर इलाके से तीन दिन से इंटरमीडिएट छात्र अंकेश लापता हैं। जो 1 फरवरी को इंटर परीक्षा देने मुंगेर आया था, 2 फरवरी को दिन करीब डेढ़ बजे से गायब है। अंकेश के पिता, राधेश्याम यादव के अनुसार उनका सबसे छोटा पुत्र परीक्षा देने के बाद अपने कमरे में वापस आया था और परिवार से फोन पर बात भी की। इसके बाद वह अपने कमरे से बाहर निकला, लेकिन फिर लौटकर नहीं आया। जब परिजनों ने उसके फोन पर संपर्क किया तो यह बंद था। अंकेश के कमरे में उसका मोबाइल और कपड़े का बैग बरकरार पाया गया, लेकिन वह स्वयं कहीं नहीं मिला। परिजनों ने आस-पास और रिश्तेदारों के घर खोजबीन की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद परिजनों ने कासिम बाजार थाना में मामला दर्ज कराया। अंकेश के पिता ने अपने पुत्र के मित्र पर अपहरण का आरोप लगाया है। मुंगेर के एसपी सैय्यद इमरान मसूद ने बताया कि इस मामले में एसआईटी टीम का गठन किया गया है। पुलिस हर पहलू की जांच कर रही है और सीसीटीवी फुटेज की भी समीक्षा की जा रही है। बताया जाता है कि टेटिया बंबर थाना क्षेत्र के रुपौहुआ गांव निवासी राधेश्याम यादव का सबसे छोटा पुत्र अंकेश 1 फरवरी को मुंगेर इंटर कि परीक्षा देने आया था और कासिम बाजार थाना क्षेत्र के शास्त्री नगर इलाके मे धर्मवीर पासवान के मकान मे एक कमरा ले कर रह रहा था। 2 फरबरी को मॉडल इंटर महा विद्यालय मे जीवविज्ञान कि परीक्षा देने के बाद वो अपने कमरे पर आया उसके बाद उसने खाना खाया और अपने पिता से फोन पर बात की इसके बाद अपने फुफेर भाई से भी ऑडियो वीडियो कॉल पर बात करने के बाद दिन के लगभग डेढ़ बजे अपने कमरे से निकला और उसके बाद से वो लापता हो गया।

## एक नजर

### पुलिस ने हजार लीटर शराब को नष्ट कर,दो भट्ठियां किया ध्वस्त



**सूर्यपुरा।** थाना क्षेत्र के कोसंदा गांव के काव नदी के समीप पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक हजार लीटर महुआ पास शराब बरामद कर उसे पुलिस पदाधिकारी की उपस्थिति में विनष्ट कर दिया। इस दौरान अवैध शराब निर्माण में प्रयुक्त दो भट्ठियों को भी ध्वस्त किया गया। इस संबंध में थानाध्यक्ष चंदन कुमार भगत ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने छापेमारी की,जहां भारी मात्रा में महुआ पास शराब बरामद की गई । मौके पर ही नियमानुसार शराब को नष्ट किया गया तथा अवैध शराब निर्माण के अड्डों को खत्म किया गया ।थानाध्यक्ष ने कहा कि क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और इस तरह की गतिविधियों में संलिप्त लोगों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

### बिहार से लापता 3 नाबालिग बच्चियां दिल्ली से बरामद, पुलिस ने किया परिजनों के हवाले

**गोपालगंज।** बिहार के गोपालगंज जिले से लापता 3 नाबालिग बच्चियों को पुलिस ने दिल्ली से सकुशल बरामद किया है। महम्मदपुर थाना क्षेत्र से कोचिंग के लिए निकली 3 किशोरियां अचानक लापता हो गई थी। इस बात की सूचना मिलने के बाद महम्मदपुर थाने की पुलिस ने मामले की जांच शुरू करते हुए त्वरित कार्रवाई करते हुए तीनों किशोरियों को दिल्ली से बरामद किया। इसकी जानकारी देते हुए सदर एसडीपीओ 2 राजेश कुमार ने बताया कि महम्मदपुर थाना क्षेत्र से 3 लड़कियों के गायब होने की सूचना मिली थी। जिसके बाद एफआईआर दर्ज कर सूचना संकलन किया गया तो पता चला कि ये तीनों बच्चियां दिल्ली में है, जिसके बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दिल्ली से तीनों को बरामद किया और थाने लाया गया। जहां कोर्ट में 164 का बयान दर्ज कराने के बाद तीनों को परिजनों के हवाले कर दिया गया।

### कैमूर में जहरीला बीज खाने से 8 बच्चे बीमार, भभुआ सदर अस्पताल में भर्ती

कैमूर जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के मदुरना गांव में बुधवार को उस वक्त अफरा-तफरी मच गयी जब 8 बच्चों ने खेल-खेल में डीजल प्लांट का फल तोड़कर उसके बीज को खा लिया, जिससे उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। बीमार बच्चों में पिंटू राम की 5 वर्षीय पुत्री लाडो कुमारी, 8 वर्षीय पुत्री ट्विंकल कुमारी, सोमारू राम के 7 वर्षीय पुत्र आशीर्वाद कुमार एवं 8 वर्षीय पुत्र कृष कुमार, दुलारचन राम के 5 वर्षीय पुत्र अभिषेक कुमार एवं 9 वर्षीय पुत्र आदित्य कुमार, लोटन राम की 12 वर्षीय पुत्री खुशी कुमारी, प्रवीण कुमार राम के 8 वर्षीय पुत्र अरुण कुमार शामिल हैं। परिजनों के अनुसार, बच्चे गांव के पूर्वी पोखरे पर खेल रहे थे। वहां मौजूद डीजल प्लांट के पौधे से फल तोड़कर उन्होंने बीज खा लिए। लगभग एक घंटे बाद उल्टी, चक्कर और अन्य लक्षण दिखने लगे। बच्चों को पहले चैनपुर अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें भभुआ सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। सदर अस्पताल में सभी को भर्ती कर इलाज शुरू किया गया। अस्पताल के चिकित्सक डॉ. त्रिभुवन नारायण ने बताया कि सभी बच्चे अब खतरे से बाहर हैं और उनकी हालत स्थिर है। इलाज जारी है तथा वे जल्द ठीक हो जाएंगे। डॉक्टरों ने अभिभावकों से अपील की है कि बच्चों को अज्ञात पौधों, फलों या बीजों से दूर रखें, क्योंकि कई जंगली पौधे जहरीले होते हैं। डीजल प्लांट के बीज विशेष रूप से बच्चों के लिए खतरनाक साबित हुए हैं। यह घटना ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता की कमी को उजागर करती है।

### बिहार में बड़ा रेल हादसा टला: चलते-चलते अचानक दो भागों में बंट गई मालगाड़ी

**वैशाली।** बिहार के वैशाली में हाजीपुर-बछबाड़ा रेलखंड दिग्गी के समीप चलती मालगाड़ी अचानक से दो भागों में बंट गयी, हालांकि, चालक की सूझबूझ से ट्रेन बेपटरी होने से बच गई और एक बड़ा हादसा होने से टल गया। जानकारी के अनुसार, हाजीपुर-बछबाड़ा रेलखंड दिग्घी रेलवे ढाला 54 समीप अचानक एक मालगाडी चलते चलते अचानक दो टुकड़ों में बंट गयी, जिसके बाद मालगाड़ी की आधा से अधिक बोगियों को लेकर इंजन कुछ दूर चला गया। मालगाडी को दो टुकडों में बंटा देख मालगाड़ी में मौजूद गार्ड ने चालक को इस घटना की जानकारी दी। जानकारी मिलते ही चालक ने मालगाड़ी को रोका। इस दौरान इंजन कई बोगियों को लेकर आगे निकल गया था, जबकि पीछे का हिस्सा ट्रैक पर ही रह गया था। चलती मालगाडी को दो टुकडों में बंटा देख आसपास के कई लोगों जुट गए। चालक ने तत्काल की इसी जानकारी रेलवे के अधिकारियों को दी। जानकारी मिलते ही हाजीपुर स्टेशन अधीक्षक के साथ टेक्निकल स्टाफ एवं आरपीएफ प्रभारी साकेत कुमार घटना स्थल पर पहुंचे। जिसके बाद चालक ने ट्रेने को वापस किया. मौके पर पहुंचे टेक्निकल स्टाफ ने हालांकि 20 से 25 मिनट के अंदर ही ही कपलिंग को ठीक कर फिर से जॉइंट किया गया और मालगाडी को आगे के लिए रवाना किया गया। इस संबंध में आरपीएफ प्रभारी साकेत कुमार ने बताया कि हाजीपुर-बछबाड़ा रेलखंड दिग्घी के समीप मालगाड़ी के दो डिब्बों के बीच पाइप में तकनीकी खराबी (गैस लीक) के कारण कपलिंग टूटने से ट्रेन दो हिस्सों में बट गई थी।

# अब बिहार में बनेंगे एके47 से लेकर कई तरह के अत्याधुनिक हथियार

- **डिफेंस कॉरिडोर और सेमीकंडक्टर पार्क का एलान**



**एजेंसी। पटना**

बिहार सरकार ने मंगलवार को वित्त वर्ष 2026-27 का बजट पेश करते हुए राज्य के औद्योगिक भविष्य से जुड़े बड़े ऐलान किए। बजट में बिहार में डिफेंस कॉरिडोर और सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग पार्क बनाने की घोषणा की गई है। सरकार का मानना है कि इन परियोजनाओं से बिहार को औद्योगिक नक्शे पर नई पहचान मिलेगी और बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा होंगे। 25 नवंबर को नीतीश सरकार की पहली कैबिनेट बैठक में ही डिफेंस कॉरिडोर और सेमीकंडक्टर पार्क के लिए समिति गठित करने को मंजूरी दी गई थी। अब बजट में इसका औपचारिक ऐलान कर सरकार ने संकेत दे दिया है कि इस दिशा में तेजी से काम शुरू होगा। डिफेंस कॉरिडोर बिहार के कई जिलों को जोड़ने वाला एक औद्योगिक रूट होगा, जिसमें सेना और सुरक्षा बलों के लिए आवश्यक सामान बनाने वाली इंडस्ट्री लगेगी। इसमें सरकारी और निजी दोनों तरह की कंपनियां शामिल होंगी। यहां हथियारों, सैन्य वर्दी, ड्रोन, तोप, अङ-47, कार्बाइन, पिस्टल और स्नाइपर राइफल जैसे आधुनिक हथियारों का निर्माण किया जाएगा। प्रस्तावित कॉरिडोर में मुंगेर, कैमूर, जमुई, बांका और अरवल जैसे जिले शामिल हो सकते हैं। ये जिले पहले से हथियार निर्माण से जुड़े हुए हैं।वर्तमान में नालंदा में ऑर्डिनेंस फैक्ट्री बोर्ड के तहत फैक्ट्री संचालित है। यह देश की इकलौती फैक्ट्री है, जहां बाय मॉड्यूलर चार्ज सिस्टम (इटउर) का उत्पादन होता है। इटउर का उपयोग बोफोर्स सहित कई तोपों में किया जाता है और इसका निर्यात भी होता है। मुंगेर का इतिहास भी हथियार निर्माण से जुड़ा है। वर्ष 1760 में मीर कासिम ने यहां बंदूक कारखाना शुरू किया था। अंग्रेजों के दौर में भी यहां गन फैक्ट्री लगी। आज भी मुंगेर में हथियार बनाए जाते हैं, हालांकि अवैध हथियारों की छवि इसे प्रभावित करती रही है। डिफेंस कॉरिडोर से जुड़ने के बाद उम्मीद है कि मुंगेर को उसकी पुरानी औद्योगिक पहचान वापस मिलेगी।

# पीएमसीएच को विश्वस्तरीय बनाने की कवायद, सीएम नीतीश कुमार ने लिया निर्माण कार्यों का जायजा



**एजेंसी। पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज अचानक पीएमसीएच पहुंचे और अस्पताल के पुनर्विकास और निमार्णाधीन कार्यों का सघन निरीक्षण किया। फिर वह जेपी गंगा पथ भी पहुंचे, जहां उन्होंने अधिकारियों को अलग-अलग निर्देश जारी किए। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के पुनर्विकास और निमार्णाधीन कार्यों का सघन निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने स्पष्ट निर्देश दिया कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों से बिना किसी समझौते के इसे निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा करें। इस दौरान उन्होंने अस्पताल को विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस करने और मरीजों को अत्याधुनिक इलाज मुहैया कराने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सबसे पहले नवनिर्मित आपातकालीन भवन के प्रथम तल पर पहुंचे। यहां उन्होंने रेडियोलॉजी विभाग में स्थापित की गई विश्वस्तरीय सीटी स्कैन और एमआरआई मशीनों का जायजा लिया। इस संबंध में अधिकारियों ने बताया कि विभाग में हर वह जरूरी सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है जो एक आधुनिक अस्पताल में होनी चाहिए। इसके बाद सीएम पांचवें तल पर स्थित शिशु विभाग पहुंचे। वहां उन्होंने नियोनेटल इंटेंसिव केयर यूनिट, नर्स स्टेशन और भंडारण कक्षों का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता पर संतोष व्यक्त किया, लेकिन साथ ही इसे और अधिक सुदृढ़ करने के सुझाव भी दिए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को प्रोजेक्ट की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि निर्माण कार्य में तेजी लाएं और यह सुनिश्चित करें कि यहाँ आने वाले मरीजों को किसी भी तरह की कठिनाई न हो। चिकित्सकों के रहने की व्यवस्था भी बेहतर ढंग से की जाए ताकि वे 24 घंटे सेवा के लिए उपलब्ध रहें। अस्पताल परिसर का जायजा लेने के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जे०पी० गंगा पथ पहुंचे। वहां उन्होंने विकसित किए जा रहे पार्क और सौंदर्गीकरण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि गंगा पथ के किनारे विकसित हो रहे इन क्षेत्रों को आम जनता के लिए सुविधाजनक और आकर्षक बनाया जाए। इस उच्च स्तरीय निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, स्वास्थ्य विभाग के सचिव लोकेश कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, डॉ. चंद्रशेखर सिंह, जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एस.एम. और पीएमसीएच के अधीक्षक डॉ. राजीव कुमार सिंह सहित स्वास्थ्य विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

## रेडियोलॉजी और शिशु विभाग का बारीकी से निरीक्षण

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सबसे पहले नवनिर्मित आपातकालीन भवन के प्रथम तल पर पहुंचे। यहां उन्होंने रेडियोलॉजी विभाग में स्थापित की गई विश्वस्तरीय सीटी स्कैन और एमआरआई मशीनों का जायजा लिया। इस संबंध में अधिकारियों ने बताया कि विभाग में हर वह जरूरी सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है जो एक आधुनिक अस्पताल में होनी चाहिए। इसके बाद सीएम पांचवें तल पर स्थित शिशु विभाग पहुंचे। वहां उन्होंने नियोनेटल इंटेंसिव केयर यूनिट, नर्स स्टेशन और भंडारण कक्षों का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता पर संतोष व्यक्त किया, लेकिन साथ ही इसे और अधिक सुदृढ़ करने के सुझाव भी दिए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को प्रोजेक्ट की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि निर्माण कार्य में तेजी लाएं और यह सुनिश्चित करें कि यहाँ आने वाले मरीजों को किसी भी तरह की कठिनाई न हो। चिकित्सकों के रहने की व्यवस्था भी बेहतर ढंग से की जाए ताकि वे 24 घंटे सेवा के लिए उपलब्ध रहें।

## एक नजर

### तिही5न5प3जजलत

**शेखपुरा।** शेखपुरा में साइबर ठगी का खुलासा हुआ है। साइबर अपराध एवं सुरक्षा इकाई ने संगठित गिरोह का भंडाफोड़ कर बड़ी सफलता हासिल की है। इस बात की गुप्त सूचना मिली थी कि शेखपुरा जिला में फर्जी लोन एप्प के माध्यमों से लोगों को ठगी का शिकार बनाया जा रहा है। मिली सूचना के आधार पर साइबर पुलिस अधीक्षक, अनुसंधान एवं अभियान के निर्देशन में पुलिस उपाधीक्षक के नेतृत्व में सी०सी०एस०यू० की विशेष टीम गठित की गयी। उक्त टीम के द्वारा साइबर थाना शेखपुरा एवं एस०टी०एफ० की मदद से 03.02.2026 को शेखपुरा में 3 जगहों पर एक साथ छापेमारी की गई, जिसमें साइबर ठगी में संलिप्त संगठित गिरोह का पदार्फाश किया गया। गठित टीम द्वारा छापेमारी स्थल से 5 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। उक्त मामले में संबंधित साइबर थाना, शेखपुरा में विधि-सम्मत धाराओं के अंतर्गत प्राथमिकी सं0-07/26, दिनांक-03. बी०एन०एस० एवं 02.26 ळ / क+ (- 318(2) / 318 * (4) / 319 * (2) / 336 * (2) / 336 * (3) / 338) / 340 * (2) / 61 * (2) 66 (सी)/66 (डी) आई०टी० एक्ट दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। प्रारंभिक जांच में यह तथ्य सामने आया है कि अभियुक्तों द्वारा Loan APP को एक वैध एवं भरोसेमंद लोन ऐप्प के रूप में प्रस्तुत किया जाता था, जिससे आम नागरिकों का विश्वास प्राप्त किया जा सके।

### वैशाली में हेरोइन और अफीम के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार, हुंडई वेन्यू कार से बड़ी खेप बरामद

**वैशाली।** वैशाली पुलिस ने एक विशेष अभियान चलाकर 1 किलो 4 ग्राम अफीम और 158 ग्राम हेरोइन जब्त किया है। ये मादक पदार्थ सराय टोल प्लाजा के पास एक हुंडई वेन्यू कार से बरामद किया गया है। इस संबंध में झारखंड के तीन तस्करों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज भेजा गया है। वैशाली पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले में मादक पदार्थों की बरामदगी के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में, 3 फरवरी 2026 को जिला आसूचना इकाई (उभ्रव) वैशाली को सूचना मिली कि नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र से मुजफ्फरपुर-सराय होते हुए झारखंड जाने वाली एक सफेद हुंडई वेन्यू कार में मादक पदार्थों की एक बड़ी खेप है। सूचना के सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई हेतु पुलिस अधीक्षक ने जिला आसूचना इकाई वैशाली और सराय थाना पुलिस की एक संयुक्त टीम का गठन किया। इस टीम ने 3 फरवरी 2026 को शाम लगभग 7:30 बजे सराय टोल टैक्स के पास संदिग्ध हुंडई कार को रोका। कार में चालक सहित कुल तीन लोग सवार थे। पूछताछ में चालक की पहचान चतरा निवासी ललन कुमार के तौर पर हुई।

### जुड़वां बेटियों के जन्म पर बहू की हत्या पति और ससुर को उम्रकैद

**बगहा।** बिहार के पश्चिम चंपारण जिले के बगहा स्थित नगर थाना क्षेत्र के बनकटवा सुनारपट्टी मोहल्ले में कुरीतिपूर्ण और अमानवीय सोच से जुड़ा एक जघन्य मामला सामने आया है। जुड़वां बच्चियों को जन्म देने पर बहू की हत्या के आरोप में व्यवहार न्यायालय ने पति और ससुर को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इस बात की जानकारी प्रभारी अपर लोक अभियोजक प्रभु प्रसाद ने दी। यह फैसला व्यवहार न्यायालय के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम रवि रंजन ने सभी पक्षों की दलीलें सुनने और साक्ष्यों के अवलोकन के बाद फैसला सुनाया। अदालत ने दोनों दोषियों पर 50-50 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड की राशि अदा नहीं करने की स्थिति में उन्हें छह माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। अभियोजन पक्ष के अनुसार, मृतका नेहा की शादी घटना से लगभग तीन वर्ष पूर्व बनकटवा सुनारपट्टी मोहल्ले में हुई थी। विवाह के बाद शुरूआती समय सब कुछ सामान्य रहा, लेकिन जब नेहा ने जुड़वां बच्चियों को जन्म दिया तो पति और ससुर पुत्र न होने से नाराज हो गए। पुत्र मोह और संकीर्ण मानसिकता के चलते दोनों ने नेहा को मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करना शुरू कर दिया।

# बोले डिप्टी सीएम विजय सिन्हा, अब नहीं चलेगी ढिलाई दो साल में हर हाल में पूरा होगा विशेष भूमि सर्वेक्षण'



**एजेंसी। पटना**

पटना में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के कार्यालय कक्ष में माननीय उपमुख्यमंत्री सह मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने राज्य में चल रहे विशेष भूमि सर्वेक्षण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा वर्ष 2011 में घोषित बिहार विशेष भूमि सर्वेक्षण को आगामी दो वर्षों में हर हाल में पूरा करने का लक्ष्य तय किया गया है। उपमुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक जिले में सर्वेक्षण से जुड़े सभी कार्य तय समय-सीमा में पूरे किए जाएं और इसकी विस्तृत रिपोर्ट शीघ्र विभाग को उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सर्वेक्षण कार्य पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ होना चाहिए, ताकि आम जनता को इसका वास्तविक लाभ मिल सके। विजय सिन्हा ने दो टूक शब्दों में कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही, गलत रिपोर्टिंग या अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जहां भी त्रुटि पाई जाएगी, वहां संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी और जरूरत पड़ने पर प्रशासनिक व कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह सर्वे औपचारिकता नहीं, बल्कि सुधार का आधार है। उपमुख्यमंत्री ने आम नागरिकों से अपील की कि यदि सर्वे के दौरान किसी प्रकार की गड़बड़ी या त्रुटि दिखाई दे तो वे विभाग में लिखित शिकायत दर्ज कराएं। विभाग की ओर से ऐसी शिकायतों पर तत्काल सुनवाई और आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। समीक्षा बैठक में प्रधान सचिव सी.के. अनिल और सचिव जय सिंह ने पुराने कैडेस्ट्रल और रिवीजनल सर्वे की जानकारी देते हुए नए सर्वेक्षण से होने वाले लाभों पर प्रकाश डाला। भू-अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के निदेशक सुहर्ष भगत ने सर्वे की वर्तमान स्थिति और विलंब के कारणों की जानकारी दी।

## तकनीकी अड़चनों से प्रभावित हुई शुरूआती गति

निदेशक ने बताया कि तकनीकी मार्गदर्शिका समय पर तैयार न होने से प्रारंभिक चरण में कार्य प्रभावित हुआ। यह मार्गदर्शिका मार्च 2019 में अधिसूचित की गई। प्रथम चरण के 20 जिलों के 89 अंचलों में विशेष सर्वेक्षण कर्मियों की समय पर नियुक्ति नहीं हो पाने के कारण दिसंबर 2021 में शुरू हुआ कार्य अपेक्षित गति नहीं पकड़ सका।अब सभी अंचलों में चल रहा सर्वे कार्य उन्होंने बताया कि बाद में शेष अंचलों और 18 जिलों के सभी अंचलों में सितंबर 2024 से सर्वे कार्य शुरू किया गया। फील्ड में राजस्व संबंधी जटिलताओं के समाधान के लिए दिसंबर 2024 में 16 बिंदुओं पर विभागीय मार्गदर्शन भी अधिसूचित किया गया। प्रथम चरण में 20 जिलों के 89 अंचलों के 5657 राजस्व ग्रामों में ऑथोफोटोग्राफ, ग्रामस्तरीय उद्घोषणा और ग्राम सभा का कार्य शत-प्रतिशत पूरा हो चुका है। किस्तवार कार्य 99.92 प्रतिशत, खानापुरी 94.4 प्रतिशत तथा प्रपत्र-6 का कार्य लगभग 79 प्रतिशत ग्रामों में पूरा किया गया है।

# अस्पताल में नसबंदी के बाद महिला की मौत इलाज व एंबुलेंस नहीं मिलने पर भड़का जनाक्रोश


**एजेंसी। बगहा**

पश्चिमी चंपारण जिले के बगहा पुलिस जिला अंतर्गत सेमरा रेफरल अस्पताल में परिवार नियोजन के तहत कराए गए बंध्याकरण ऑपरेशन के बाद एक महिला की मौत से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। इस घटना ने न केवल एक परिवार को गहरे शोक में डुबो दिया, बल्कि सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। मृतका की पहचान सेमरा थाना क्षेत्र के दढिया गांव निवासी रामजी उरांव की 30 वर्षीय पत्नी हेमंती देवी के रूप में हुई है।परिजनों के अनुसार, हेमंती देवी सोमवार को पूरी तरह स्वस्थ अवस्था में परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत सेमरा रेफरल अस्पताल पहुंची थी। वहां उसका बंध्याकरण ऑपरेशन किया गया, जिसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती रखा गया। शुरूआती घंटों में उसकी हालत सामान्य बताई जा रही थी और अस्पताल कर्मियों ने परिजनों को ऑपरेशन सफल होने का भरोसा दिलाया था। हालांकि, आधी रात के बाद उसकी तबीयत अचानक बिगड़ने लगी। मृतका के छोटे भाई मर्यादपुर निवासी राजेश उरांव ने बताया कि रात करीब 12 बजे के बाद हेमंती देवी को बेचैनी महसूस होने लगी। कुछ ही देर में उसकी सांस फूलने लगी और शरीर में अत्यधिक कमजोरी आ गई। इसकी जानकारी तुरंत अस्पताल में मौजूद डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ को दी गई।



दवाइयां दी गईं और इलाज शुरू किया गया, लेकिन उसकी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ। परिजनों का आरोप है कि लंबे समय तक स्थिति गंभीर बनी रहने के बावजूद समय पर प्रभावी इलाज नहीं किया गया। जब हालात बेहद नाजुक हो गए, तब डॉक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिए बगहा रेफर करने की बात कही। परिजनों का यह भी कहना है कि उस समय अस्पताल में एंबुलेंस उपलब्ध नहीं थी।

# बिहार में पछुआ हवा ने बढ़ाई कनकनी, 25 जिलों में कोहरे का यलो अलर्ट जारी



**एजेंसी। पटना**

बिहार के 25 जिलों में घने कोहरे को लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है। विजिबिलिटी 100 मीटर तक गिर सकती है, जबकि अगले 24 घंटे मौसम में बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। बिहार में मौसम का मिजाज बदला हुआ नजर आ रहा है। मधुबनी, बगहा, बेतिया, गोपालगंज समेत 10 जिलों में घना कोहरा छाया हुआ है, जिससे विजिबिलिटी घटकर करीब 100 मीटर रह गई है। हालात ऐसे हैं कि लोगों को दिन में भी गाड़ियों की लाइट जलाकर चलना पड़ रहा है। मौसम विभाग ने आज दरभंगा, मुजफ्फरपुर, कटिहार सहित 25 जिलों में घने कोहरे को लेकर यलो अलर्ट जारी किया है। इन इलाकों में विजिबिलिटी 100 मीटर के आसपास रहने की संभावना है। सुबह और देर रात घनी धुंध छाई रहेगी, वहीं ठंड का असर भी ज्यादा महसूस किया जा सकता है। बीते 24 घंटों में राज्य के 3 जिलों में घना कोहरा दर्ज किया गया, जहां विजिबिलिटी लगभग 100 मीटर रही। वहीं, भागलपुर 8 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ प्रदेश का सबसे ठंडा जिला रहा। पिछले दो दिनों से बिहार के कई जिलों में लगातार घना कोहरा देखने को मिल रहा है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, इसका मुख्य कारण उत्तर भारत में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ का कमजोर प्रभाव और वातावरण में बढ़ी नमी है। रात के समय हवा की रफ्तार कम होने से नमी जमीन के पास ही जमा हो जा रही है। साथ ही न्यूनतम तापमान में ज्यादा गिरावट न होने के कारण कोहरे की स्थिति और मजबूत बनी हुई है। साफ आसमान और शांत मौसम के चलते सुबह के समय कोहरा देर तक छाया रह रहा है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि फिलहाल किसी बड़े मौसमी सिस्टम के सक्रिय होने के संकेत नहीं हैं, इसलिए अगले 24 घंटे में मौसम में बड़े बदलाव की संभावना कम है। सुबह-शाम हल्की ठंड बनी रहेगी, जबकि दिन में धूप निकलने से तापमान सामान्य रह सकता है। हालांकि, हवा की गति बढ़ने या बादल छाने की स्थिति में कोहरे की तीव्रता कम हो सकती है। राजधानी पटना में न्यूनतम और अधिकतम तापमान में किसी बड़े बदलाव की उम्मीद नहीं है। सुबह और शाम हल्की ठंड महसूस होगी, जबकि दोपहर में मौसम सुहावना बना रहेगा। मौसम विभाग ने फिलहाल पटना के लिए कोई अलर्ट जारी नहीं किया है। यलो अलर्ट वाले जिलों को छोड़कर राज्य के अन्य हिस्सों में मौसम सामान्य रहने का अनुमान है। कहीं-कहीं हल्का कोहरा जरूर देखने को मिल सकता है, लेकिन उसका असर ज्यादा नहीं होगा।

# सूरज बिहारी हत्याकांड : सात फरार आरोपियों पर पुलिस का बड़ा एक्शन, ढोल-नगाड़ों के साथ घर-घर चिपकाया इश्तहार

**एजेंसी। पूर्णिया**

पूर्णिया के चर्चित सूरज बिहारी हत्याकांड में पुलिस ने फरार अपराधियों के खिलाफ शिकंजा और कस दिया है। माननीय न्यायालय से कुर्की का आदेश मिलने के बाद बुधवार को मरंगा थानाध्यक्ष कौशल कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सभी सात फरार अभियुक्तों के घरों पर दबिश दी और इश्तहार चस्पा करने की कार्रवाई पूरी की।कानूनी प्रक्रिया के तहत भारी पुलिस बल के साथ मरंगा थाना क्षेत्र के बसंत विहार कॉलोनी में जब पुलिस टीम आरोपियों के घर पहुंची, तो ढोल-नगाड़े बजाकर पूरे मोहल्ले को इसकी सूचना दी गई। पुलिस द्वारा लगाए गए इश्तहार के माध्यम से फरार अभियुक्तों को सख्त चेतावनी दी गई है कि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर आत्मसमर्पण कर दें, अन्यथा उनके खिलाफ कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की जाएगी।गौरतलब है कि सदर थाना क्षेत्र के चौहन टोला (वार्ड-38) निवासी जवाहर यादव के पुत्र सूरज बिहारी की बसंत विहार कॉलोनी में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस सनसनीखेज घटना के बाद पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर विशेष जांच टीम (SIT) का गठन किया गया था। जांच के दौरान तकनीकी और अन्य साक्ष्यों के आधार पर 29 जनवरी को STF की सहायता से एक आरोपी विशाल कुमार को गिरफ्तार किया गया था।